हरिभूमि
# रायपुर भूमि

**कहीं भी सीट वृद्धि नहीं**

जगह और संसाधनों की कमी को देखते हुए इस बार किसी भी स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सीट वृद्धि नहीं की गई है। थोक में मिलने वाले आवेदनों और सिफारशी खतों से परेशान होकर प्राचार्यों द्वारा सीट बढ़ाने की मांग पहले की जाती रही है। इस बार राजधानी के किसी भी स्कूल ने सीटें बढ़ाने की मांग नहीं की। अन्य जिलों में भी स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की सीटों में वृद्धि नहीं हो रही है। पिछले सत्र में जितनी सीटों पर प्रवेश दिया गया था, इस बार भी उतनी ही सीटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

## बस्तर-दंतेवाड़ा के कई स्कूलों में शून्य तो राजधानी में सीट से 20 गुना अर्जी, कुनकुरी में 8 आवेदन, सुकमा में हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पालकों को 10 अप्रैल से 5 मई तक का समय आवेदन के लिए दिया गया है। कुछ समय पहले तक शुरुआती दिनों में ही सीट के लगभग या उससे अधिक आवेदन प्राप्त हो जाया करते थे, लेकिन इस बार स्थिति ऐसी नहीं है। हालांकि आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने में अभी 20 दिन शेष है, लेकिन जानकारों का कहना है कि बीते वर्षों की तुलना में इस बार उत्साह अपेक्षाकृत कम दिख रहा है, विशेषकर दूरस्थ अंचल के स्कूलों में। राजधानी रायपुर के शीर्ष विद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया पर आत्मानंद विद्यालयों की स्थिति का खास अंतर नहीं दिख रहा है। यहां पूर्व की ही तरह सीट से कई गुना अधिक आवेदन मिल रहे हैं। रायपुर जिले ▶▶|शेष पेज 19 पर

- स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए आवेदन प्रारंभ, 5 मई तक भर सकते हैं फॉर्म
- शहरी स्कूलों की मांग, लेकिन आउटर के विद्यालयों में नहीं है दिलचस्पी




### जानिए... कहां, कैसी स्थिति (आंकड़े पहली कक्षा के)

बस्तर के मानझिगुडा चिंगपाल में 1, दरभा में 3, बड़े चकवा में 2 और लोहंडीगुडा में 24 आवेदन मिले हैं। यहां पहली कक्षा में 50-50 सीटें हैं। दंतेवाड़ा के करली में 2 तथा बारसुर व कटे कल्याण में शून्य ही आवेदन हुए। जशपुर के अंतर्गत बागीचा में 5 व कुनकुरी में 8 आवेदन मिले हैं। सुकमा के अंतर्गत पावारस व दोरनपाल में पहली कक्षा के लिए एक भी आवेदन नहीं मिल हैं। जबकि जिले के अन्य स्कूलों में खाता खुला है। बालोद के आमापारा में 50 सीटों के विरूद्ध 21 और निपानी में 10 आवेदन मिले हैं। बलौदाबाजार के निपनिया में 40, भाटापारा में 66 व कसडोल में 36 आवेदन मिले। यहां निपनिया और कसडोल में 40-40 जबकि भाटापारा में 50 सीटें हैं। बलरामपुर के राजपुर में 16, रामानुगंज में 33 व वाड्रफनगर में 14 आवेदन मिले। बेमेतरा के सिंघौरी में 13 व हसदा में 30 तथा बीजापुर में 7 आवेदन मिले। बिलासपुर के तिफरा में 33, लिंगियाडीह में 60, चक्करभाठा में 52 फॉर्म जमा किए गए हैं। दुर्ग के धमधा में 11, चरोदा में 30 व कुम्हारी में 40, सरगुजा के केशवपुर में 4 व मिमहा में एक भी आवेदन नहीं मिले। शेष स्थानों पर भी मिली-जुली स्थिति रही है।

**रायपुर के स्कूल ही अपवाद**

- आवेदन संख्या के मामले में केवल राजधानी के स्कूल ही अपवाद साबित हुए हैं, जहां सीट से कई गुना अधिक आवेदन मिले हैं। हर बार की तरह इस बार भी आमापारा स्थित आरडी तिवारी स्कूल में प्रदेश में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि सरोना, कुरां, अभनपुर में संख्या थोड़ी कम है। रायपुर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में 36 विद्यालय शामिल हैं।
- आरडी तिवारी विद्यालय आमापारा में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 223 आवेदन मिले हैं। नर्सरी की 20 सीटों के लिए सीट से 20 गुना अधिक अर्थात 403 आवेदन मंगलवार शाम तक मिल चुके थे।
- बीपी पुजारी विद्यालय में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 79 आवेदन मिले हैं।
- शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह में पहली कक्षा की 37 सीटों पर 138 आवेदन शुरुआती 6 दिनों में मिले।
- मोहबाबाजार विद्यालय में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 88 फॉर्म भरे गए हैं।
- लालपुर में 50 सीटों के लिए 95, मोवा में 50 सीटों के लिए 93, माना कैंप में 40 सीटों के लिए 64 आवेदन मिले हैं। ये आंकड़े पहली कक्षा के हैं।
- इसी तरह आउटर के स्कूलों में पहली कक्षा के लिए बारबंदा में 40 सीटों के लिए 50, अभनपुर में 50 सीटों के लिए 70, सरोना में 23 सीटों के लिए 50 और बीरगांव के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में 50 सीटों के लिए 146 आवेदन मिल चुके हैं।

### रायपुर में सिर्फ ऑनलाइन, बाकि जिलों में ऑफलाइन भी

शासकीय इंग्लिश माध्यम विद्यालयों में आवेदन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ऑप्शन हैं। लेकिन रायपुर जिले के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन की ही सुविधा दी गई है। अन्य जिलों में ऑफलाइन आवेदन के लिए स्कूलों से भी फॉर्म दिए जा रहे हैं। सीट से अधिक आवेदन मिलने पर लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन होगा।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं आमानाका पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त रूप से टाटीबंध स्थित काका ढाबा के पास दो लोगों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है, जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 1 तौल मशीन एवं बिक्री की रकम भी जब्त की है। पकड़े गए दोनों आरोपी अमृतसर पंजाब के रहने वाले हैं। इनमें धर्मेन्द्र सिंह माखन विण्डी थाना जांडियाला गुरु एवं दूसरा अमृतपाल सिंह धरदेव थाना मेहता चौक का निवासी है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### बच्ची से अनाचार का प्रयास नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी क्षेत्र में एक तीन साल की बच्ची के साथ अनाचार का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है। घटना 14 अप्रैल की है। बताया गया कि 13 वर्ष का लड़का अपने पड़ोस में रहने वाली 3 वर्ष की बच्ची को खेलने के बहाने अपने घर बुलाया और फिर अश्लील हरकत करते हुए उससे अनाचार का प्रयास किया। घटना की जानकारी होने पर बच्ची के परिजनों ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 64, 65(2) बीएनएस एवं 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में लिया है।

### नो पार्किंग में खड़े 72 वाहनों का कटा चालान



**रायपुर।** यातायात पुलिस रायपुर ने रिंगरोड नंबर 2 में नो पार्किंग में लापरवाही से खड़े मालवाहक वाहनों के विरुद्ध लगातार दूसरे दिन भी विशेष अभियान चलाया। यातायात थाना प्रभारी टाटीबंध एवं भनपुरी के नेतृत्व में टीम ने सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष अभियान चलाते हुए नो पार्किंग में खड़ी 72 मालवाहक गाड़ियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 14 वाहनों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट भेजने की कार्यवाही की।

### सूने मकान में धावा 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** दुर्गा चौक गोवर्धन नगर भनपुरी में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की 30 से 31 मार्च के बीच की है। प्रार्थी विरेंद्र कुमार सिन्हा ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के दौरान उसका परिवार बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा था। परिवार जब वापस लौटा तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, एक मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए गायब थे।

## मालगाड़ी-सवारी ट्रेन के लिए अलग ट्रैक हो रहा तैयार, समय पर पहुंचेगी यात्री ट्रेन

# एक रूट, चार लाइन की सुविधा, सफर होगा सुहाना मालगाड़ी के लिए अब नहीं रोकनी होगी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेल लाइन के विकास के साथ अब यात्रियों की सुविधा भी जल्द बढ़ने वाली है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सबसे आम परेशानी एक्सप्रेस ट्रेनों का आउटर में घंटों इंतज़ार का स्थायी हल ढूंढ लिया है। अब रेलवे मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के लिए अलग-अलग पटरियों का निर्माण कर रहा है, जिससे ट्रेनों की रफ्तार में न केवल सुधार होगा, बल्कि लेट-लतीफी की समस्या भी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। रेलवे ने इस साल 2896.53 करोड़ रुपये की लागत से कुल 200.15 किलोमीटर रेल खंड का निर्माण और कमीशनिंग कार्य पूरा कर लिया है। जैसे ही रेलवे बोर्ड से संचालन की मंजूरी मिलेगी, इन नए ट्रैक पर यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा।

इनमें खास बात यह है कि तीसरी रेल लाइन के तहत जिन रूटों पर यह कार्य किया गया है, वहां अब मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेनें अलग-अलग ट्रैक से चलेंगी। यही नहीं, रेलवे ने पुलों पर भी चार-लाइन सिस्टम तैयार कर दिया है, ▶▶|शेष पेज 19 पर

### 2896.53 करोड़ रुपए की लागत से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 किलोमीटर से अधिक रेल नेटवर्क विस्तार



#### अनूपपुर-कटनी 91.52 किमी में तेज़ी से दौड़ेंगी ट्रेनें

अनूपपुर-कटनी में 91.52 किलोमीटर तक तीसरी लाइन अनूपपुर-कटनी तीसरी रेललाइन परियोजना के अंतर्गत कुल 91.52 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन का निर्माण एवं कमीशनिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना से जहां रेलगाड़ियों की गति और समयबद्धता में सुधार आएगा, वहीं यात्रियों को बार-बार की देरी से भी राहत मिलेगी। इन रेलखंडों बधवाबारा – घुंघुटी (13.00 किमी), घुंघुटी – मुदरिया (10.70 किमी), मुदरिया – बीरसिंहपुर (5.60 किमी) बीरसिंहपुर – नवरोज़ाबाद (6.90 किमी) नवरोज़ाबाद – करकेली (10.20 किमी) करकेली – उमरिया (12.42 किमी) उमरिया – लोरहा (10.00 किमी) चंदिया रोड – विलायतकलां (9.50 किमी) पर निर्माण हो चुका है।

#### राजनांदगांव - नागपुर के बीच 63.96 किलोमीटर तीसरी रेललाइन



तीसरी लाइन की ही एक और महत्वपूर्ण परियोजना राजनांदगांव - नागपुर तीसरी रेललाइन परियोजना के अंतर्गत 63.96 किलोमीटर रेल खंडों पर कार्य पूरा किया गया, जिनमें पनियाजोब – बोरतलाव (8.00 किमी), कांपटी– कलमना (7.72 किमी), सालेकसा – धनोली (7.00 किमी), गुदमा – गोंदिया (10.00 किमी), गोंदिया – गंगाझरी (13.74 किमी) तथा आरओआर गोंदिया (13.50 किमी) शामिल है।

#### बिलासपुर-झारसुगुड़ा रूट में 54 किमी की नई रेललाइन तैयार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सबसे व्यस्ततम रूट में शुमार बिलासपुर-झारसुगुड़ा खंड पर चौथी रेल लाइन का काम अब तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस रूट पर कुल 54.57 किलोमीटर की नई चौथी रेल लाइन का निर्माण कर लिया गया है, जिससे आने वाले दिनों में ट्रेनों की आवाजाही और अधिक सुगम और समयबद्ध हो सकेगी। इस चौथी लाइन परियोजना के तहत बिलासपुर – गतोरा : 8.00 किमी, रॉबर्टसन – भूपदेवपुर : 9.30 किमी, किरोड़ीमल नगर – रायगढ़ : 10.27 किमी, रायगढ़ – कोतरलिया : 9.00 किमी, कोतरलिया – जामगा : 8.00 किमी रेलखंडों पर काम पूरा हो चुका है।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि चौथी लाइन के जुड़ जाने से इस रूट पर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के संचालन में होने वाली देरी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही, यह अप और डाउन दोनों ट्रैकों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

## 52 लाख मूल्य की चांदी की सिल्ली के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने मंगलवार को चांदी की 115 सिल्ली के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को भनपुरी चौक पर घेराबंदी कर पकड़ा। जब्त सिल्लियों का वजन 56 किलो 300 ग्राम है, जिसकी कीमत लगभग 52 लाख रुपए आंकी गई है। बिना वैध दस्तावेज के चांदी की सिल्ली आरोपियों के पास कहां से आई और कहां लेकर जा रहे थे, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।



पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि खमतराई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक दोपहिया वाहन में दो लोग चांदी की सिल्ली रखे हैं तथा मेटल पार्क उरला से खमतराई की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने इसके बाद भनपुरी चौक पर नाकेबंदी पाइंट लगाया और वाहन सवार दोनों युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली। इस दौरान उनके कब्जे से एक थैला बरामद किया, ▶▶|शेष पेज 19 पर

### दस्तावेज नहीं मिले, चोरी की सिल्ली होने की आशंका

पुलिस की जांच व पूछताछ में आरोपियों के पास चांदी के सिल्ली से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों अवैध रूप से इन सिल्ली को परिवहन कर ले जा रहे थे। पुलिस को संदेह है कि चांदी की सिल्ली चोरी की हो सकती है। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में दोनों के विरुद्ध धारा 35 (1), ई बीएनएसएस/303 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मौसम में उतार-चढ़ाव पर इलेक्ट्राल पावडर का बाजार गर्म, तीन गुना तक बढ़ी मांग

- गर्मी कम इसलिए हीट-स्ट्रोक का खाता नहीं खुला, अस्पतालों में वार्ड तैयार
- इलेक्ट्राल पावडर के छोटे पैकेट की मांग ज्यादा, प्रतिदिन 9 लाख की खपत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सक्रिय होने वाले सिस्टम की वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण हीट स्ट्रोक के मामले सामने नहीं आ रहे हैं। गर्मी के दौरान डिहाइड्रेशन सहित अन्य तरह की समस्याओं से बचाव के लिए इलेक्ट्राल पावडर का बाजार गर्म हो गया है। सामान्य मौसम में प्रतिदिन राज्य में लगभग तीन लाख के इलेक्ट्राल पावडर बिकते हैं, जो मार्च के दूसरे पखवाड़े से बढ़कर नौ लाख रुपये तक पहुंच गया है। ज्यादा मांग सिंगल डोज वाले छोटे पैकेट की है, जिसकी सप्लाई नियमित नहीं हो रही है।

मार्च के बीच में गर्मी ने असर दिखाया था, उस दौरान लू चलने की स्थिति बनी थी। इसके बाद अप्रैल के शुरुआती दिनों में गर्मी का प्रभाव था। वर्तमान में मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से गर्मी लंबे दिनों तक असर ▶▶|शेष पेज 19 पर

### मई-जून में गर्मी तैयारी पूरी

जलवायु प्रबंधन एवं मानव स्वास्थ्य की नोडल अफसर डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि अभी गर्मी राजस्थान में असर दिखा रही है। छत्तीसगढ़ में इसका प्रभाव मई-जून में होने के आसार हैं। इस दौरान लू सहित अन्य बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर रखी है। जिला अस्पताल सहित अन्य हेल्थ सेंटरों में हीट-स्ट्रोक वाले मरीजों के लिए वार्ड तैयार किए जा चुके हैं।

### कमजोरी की शिकायत पर डाक्टर दे रहे सलाह

आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डा. विनय वर्मा ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह लोगों में कमजोरी, शरीर में दर्द जैसी शिकायत बढ़ी हुई है। लक्षण के आधार पर उन्हें दवा देने के साथ इलेक्ट्राल पावडर का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। लू की शिकायत अभी नहीं आ रही है, मगर गर्मी का सीजन अभी बाकी है।

## दोपहर बाद बदला मौसम का मिजाज, 30 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन सिस्टम की वजह से प्रदेश में मंगलवार को दोपहर मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद राजधानी में 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। कुछ इलाकों में छींटे भी पड़े, मगर इसका बड़ा असर नहीं हुआ। जांजगीर के पामगढ़ ब्लाक में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। अनुमान है कि अगले दो दिन प्रदेश का मौसम दोपहर बदलता रहेगा, इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं।



- कुछ इलाकों में छींटे भी पड़े, पामगढ़ में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी

वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में उत्तर बिहार तटीय आंध्र प्रदेश, दूसरी द्रोणिका मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा मध्यप्रदेश के ऊपर विस्तारित है। इन सबके प्रभाव से प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। गर्मी के बाद दोपहर होते ही मौसम के मिजाज बदल रहा है।

## इग्नू ने नतीजों में लिखा ग्रेड, व्यापम मांग रहा पूर्णांक-प्राप्तांक, नहीं मिलेंगे 15% बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यापम द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के 200 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके साथ ही यह प्रावधान भी किया गया है कि ग्रामीण विकास में उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों को 15% बोनस अंक दिए जाएंगे। आवेदन के दौरान इसका विकल्प भी रखा गया है, अर्थात यदि किसी अभ्यर्थी ने ग्रामीण विकास विषय में उपाधि प्राप्त की है तो इसकी जानकारी आवेदन भरने के दौरान ही देनी होगी। लेकिन ऐसे कैंडिडेट्स जिन्होंने इग्नू से उपाधि हासिल की है वे चाहकर भी अपनी योग्यता फॉर्म में प्रदर्शित नहीं कर पा रहे हैं।

इसकी वजह फॉर्म का पैटर्न है। फॉर्म में ग्रामीण विकास विषय में छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए पूर्णांक और प्राप्तांक का कॉलम दिया गया है, जबकि इग्नू ने अपने परिणाम में छात्रों को ग्रेड प्रदान किया है। इग्नू से उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब यह मांग कर रहे हैं कि फॉर्म में ग्रेड का भी विकल्प दिया जाए, ताकि उन्हें भी 15% बोनस अंक का लाभ मिल सके।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्तीः ग्रामीण विकास में उपाधिधारकों को 15% बोनस अंक



- आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक, अभ्यर्थियों ने थोक में लिखा व्यापम को खत, वेबसाइट का सर्वर धीमा होने की शिकायत

### विकास अधिकारी में सर्वाधिक परेशानी

सर्वाधिक परेशानी हाल ही में प्रारंभ हुए सहायक विकास विस्तार अधिकारी पद पर आवेदन के लिए आ रही है। इसमें तकनीकी त्रुटि के निपटान के लिए अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में व्यापम को लिखित आवेदन दिया है। इसके लिए आवेदन 7 अप्रैल से प्रारंभ हुए हैं। 2 मई तक का समय आवेदन के लिए दिया गया है। छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सहायक विकास विस्तार अधिकारी के 200 पदों पर भर्ती होनी है। इसके अलावा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन भरने के दौरान वेबसाइट की स्पीड धीमी होने की शिकायत छात्र कर रहे हैं।

### इधर, दिव्यांग कोटे का विकल्प ही गायब

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की तकनीकी दिक्कतें समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं का भी आयोजन किया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में आवेदन करते हैं। लाखों की संख्या में प्राप्त होने वाले आवेदनों को देखते हुए व्यापम द्वारा बीते वर्ष पैरेलल वेबसाइट की शुरुआत की गई थी।

## छह संगठनों पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम-2005 के तहत सरकार ने सीपीआई (एम) समेत छह संगठनों के प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जानकारी के अनुसार, सीपीआई (एम) से जुड़े संगठन दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ, क्रांतिकारी आदिवासी बालक संघ, क्रांतिकारी किसान कमेटी, महिला मुक्ति मंच, आरपीसी या जनताना सरकार के प्रतिबंध की अवधि एक वर्ष बढ़ाने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया है।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा रद्द

**रायपुर।** दुर्ग में मासूम बच्ची के साथ अनाचार के बाद हत्या के मामले को लेकर कांग्रेस ने दुर्ग से रायपुर तक न्याय पथ यात्रा का ऐलान किया था। इस संबंध में एक जांच कमेटी भी बनाई गई थी। जानकारी के अनुसार, अपरिहार्य कारणों से न्याय यात्रा रद्द की गई है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सूचना जारी की है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### उद्योग भवन में पदभार ग्रहण समारोह आज

**रायपुर।** रिगरोड स्थित उद्योग भवन में 16 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सीएसआयडीसी के अध्यक्ष पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में रायपुर शहर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल पदभार करेंगे। इसी दौरान उद्योग संघों से परिसंवाद कार्यक्रम से अपने अध्यक्षीय कार्यकाल की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम में पूरे मंत्रिमंडल और सांसद, विधायक, उद्योगपति एवं नागरिक शामिल होंगे।



### मासूम को न्याय दिलाने निकाला कैंडल मार्च



**रायपुर।** दुर्ग की मासूम बच्ची के हत्यारे को फांसी देने, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार रोकने के लिए महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड निवासी रवि सोनकर के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाली गई, जो लाखेनगर चौक पर जाकर समाप्त हुई।

# निगम, मंडलों में अभी 40 और भाजपा नेताओं को मिलेंगे पद, अब दूसरी सूची का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्त किया है, उनके पदभार का सिलसिला चल रहा है। इधर अब दूसरी सूची का भी इंतजार हो रहा है। अब भी करीब एक दर्जन निगम, मंडलों में नियुक्ति बाकी है। इसी के साथ जिन निगम, मंडलों में नियुक्ति हुई है, उनमें से कुछ में उपाध्यक्ष और सदस्यों के पदों को मिलाकर करीब डेढ़ दर्जन की नियुक्ति होनी है। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। ऐसे में करीब 40 और भाजपा नेताओं को पद मिलेंगे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद अब जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा हुआ है, ऐसे में इनका अभी पदभार संभालना मुश्किल है, लेकिन जिनके पदों में कोई पेंच नहीं है, उनके पदभार ग्रहण करने का क्रम चल रहा है। पदभार संभालने का क्रम ही इस माह के अंत तक चलने की संभावना है। जिनकों पद दिए गए हैं, उनमें जहां प्रदेश संगठन के करीब 20 नेता शामिल हैं, वहीं नियुक्ति में जाति समीकरण को भी देखा गया है। हालांकि पहली सूची की नियुक्ति में एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, लेकिन दूसरी सूची में इस वर्ग को भी मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ जिन नेताओं ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मेहनत की है, उनको भी पद दिए जाएंगे। इसके अलावा जिनको चुनाव में टिकट नहीं मिल सके थे, उनको भी पद दिए जाने की संभावना है।

### पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की होगी नियुक्ति



### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें बेवरेज कॉर्पोरेशन, अपेक्स बैंक, मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, हज कमेटी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। सूची को फाइनल करने के लिए राष्ट्रीय संगठन के पास भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते हैं, सूची जारी कर दी जाएगी। जिनको पहले सूची में पद नहीं मिले हैं, ऐसे नेताओं को दूसरी सूची में पद मिलने की संभावना है। दूसरी सूची को भी पहली सूची की तरह ही गुप्त रखा गया है।

# बालोद के जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मंगलवार को बालोद जिले के प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की स्थिति बेहत असंतोषजनक पाए जाने पर गहरी नराजगी जताई। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को निलंबित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान पारारास केन्द्र में गंभीर अनियमितता सामने आने पर संबंधित परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कई आंगनबाड़ी केन्द्रों और सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी और संचालक जन्मेजय महोबे उपस्थित थे। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिधियों की मौजूदगी में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में विभागीय कामकाज की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होंने नराजगी जताई और डीपीओ महिला एवं बाल विकास को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए।




# बंसल जीएडी से मुक्त, रजत को मिला अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कई अधिकारियों का तबादला किया गया है। सीएम विष्णुदेव साय के सचिव मुकेश बंसल को सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा कई और डिप्टी और संयुक्त कलेक्टरों का भी तबादला किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से तबादले के आदेश जारी हो गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक मुकेश बंसल की जगह आईएएस अफसर रजत कुमार को सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुकेश बंसल के पास अब वित्त विभाग के सचिव, वाणिज्य कर आबकारी विभाग के सचिव और सचिव मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी रहेगी, जबकि रजत कुमार के पास वाणिज्य एवं उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम विभाग के सचिव की जिम्मेदारी थी, जबकि अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है।

■ दो आईएएस सहित 6 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला



### संयुक्त और डिप्टी कलेक्टरों के तबादले

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें ममता यादव संयुक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा को संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर नियुक्त किया गया है। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनायक शर्मा महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ संवाद को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का अपर कलेक्टर बनाया गया है। स्निग्धा तिवारी संयुक्त कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को संयुक्त कलेक्टर जांजगीर, अशोक कुमार मार्बल डिप्टी कलेक्टर कांकेर को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है। इसके अलावा माधुरी सोम ठाकुर उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय बस्तर को कोरबा जिले का संयुक्त कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं गीता रायस्त डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम को बस्तर संभागीय आयुक्त कार्यालय में उपायुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अजजा विभाग का बड़ा निर्णय अब फार्म भरते ही मिलेगी छात्रवृत्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने मंगलवार को रायपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग के सहायक आयुक्तों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आदिम जाति विकास विभाग सुशासन की ओर एक कदम आगे बढ़ते हुए एक छात्रवृत्ति पोर्टल के रूप में 7 मई से नवीन व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इसके तहत अब छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरने वाले छात्र-छात्राओं को फार्म भरते ही छात्रवृत्ति मिलना शुरू हो जाएगी।

नवीनीकरण वाले छात्र-छात्राएं 7 मई से आवेदन करेंगे, उन्हें 15 जून के भीतर ही छात्रवृत्ति की पहली किस्त मिल जाएगी और जून-जुलाई में फार्म भरने वालों को अक्टूबर में तथा नवीन छात्र जो अगस्त-सितम्बर में फार्म भरेंगे, उन्हें नवम्बर दिसंबर में ही छात्रवृत्ति मिलना शुरू हो जाएगी। इस नवीन व्यवस्था से शासकीय और निजी संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। दरअसल बात यह है कि पहले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति फार्म भरने के बाद कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। ज्यादातर फरवरी-मार्च में ही छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने की परंपरा रही है। इससे महंगी फीस वाली संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को फीस जमा करने में परेशानी होती थी। अब नवीन व्यवस्था के तहत फार्म जमा करते ही छात्रवृत्ति मिलने से उन्हें फीस पटाने, पुस्तक कॉपी खरीदने सहित अन्य जरूरत के समान खरीदने में आसनी होगी।

■ छात्रवृत्ति के लिए 7 मई से होगा नया पोर्टल प्रारंभ




छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के
नवनियुक्त अध्यक्ष
श्री संजय श्रीवास्तव जी
को
पदभार ग्रहण समारोह
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
16 अप्रैल 2025 | 11:30 बजे से
बीटीआई ग्राउंड,
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
विकास अग्रवाल
प्रदेश सहसंयोजक
झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
गोपेश साहू
पार्षद
संतोष साहू
पार्षद
रवि शादीजा
भाजपा नेता
शिरीष तिवारी
पूर्व संचालक
जिला सह.के.बैंक रायपुर
राजेश गुप्ता
पार्षद- शंकर नगर
वार्ड
महेंद्र पंडित
प्रदेश संयोजक
झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
इं. मखमूर इकबाल खान
प्रदेश महामंत्री,
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)
रोहित साहू
पार्षद
अनूप खेलकर
पूर्व मंडल अध्यक्ष,
शंकर नगर
आकाश बालानी
भाजपा नेता
प्रदीप वर्मा
पार्षद
किशोर गुप्ता
भाजपा नेता
आरिफ भिंसरा
सामाजिक
कार्यकर्ता
sumit
विनीत : समस्त कार्यकर्त्ता, भारतीय जनता पार्टी (छ.ग़.)

हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



17



चौराहों-बाजारों के पास कुटिया में रेत...


## एजुकेशन अपडेट

### फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर निकली भर्ती, 27 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, कुल 120 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए एप्लीकेशन प्रोसेस शुरू हो चुका है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी 27 अप्रैल, 2025 तक जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर जाकर लॉगइन करना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों के एप्लीकेशन फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसलिए इस बात का ध्यान रखें। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 120 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें, सामान्य 28, ईडबलूएस 10, ओबीसी 38, एससी 16 और एसटी वर्ग के 28 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स की आयु 21 साल से 40 साल के बीच होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी।




#### नर्सिंग ऑफिसर के 733 पदों पर निकली भर्ती

उत्तर प्रदेश ने नर्सिंग ऑफिसर 2025 के पदों पर भर्ती निकाली है। आधिकारिक वेबसाइट पर **www.kgmu.org** पर जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, कुल 733 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए एप्लीकेशन फॉर्म 14 मई, 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी 07 मई, 2025 तक फीस का भुगतान कर सकते हैं। जारी आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि इन पदों के लिए आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से आवेदन पत्र भेजने की जरूरत नहीं है। साथ ही पदों की संख्या को बढ़ाया जा घटाया भी जा सकता है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी। उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए नीचे आसान स्टेप्स दिए जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके अभ्यर्थी आसानी से आवेदन पत्र भर सकते हैं।


## बाजार में रेडीमेड पेट हाउस की डिमांड, गर्मी-बरसात से बचाने की कवायद

# पेट्स के लिए 'अपना घर', एसी व पंखे की सुविधा के साथ सुरक्षित जगह देने करा रहे लक्जरी डिजाइन

"शहर में अब इंसानों के साथ-साथ पालतू जानवरों के लिए भी लकड़ी से बने रेडीमेड घर उपलब्ध हैं। श्वानों और बिल्लियों के लिए तैयार किए जा रहे मिनी पेट हाउस की मांग तेजी से बढ़ रही है। इन घरों की डिजाइन न सिर्फ आकर्षक हैं, बल्कि इन्हें इस तरह से तैयार किया जा रहा है कि जानवरों को गर्मी, सर्दी और बारिश से राहत मिल सके। शहर की पेट्स शॉप में ये रेडीमेड मिनी हाउस 1,500 रुपए से लेकर 25000 रुपए तक की रेंज में उपलब्ध हैं।

**रायपुर।** कई लोग अपने पालतू जानवरों के लिए कस्टमाइज्ड डिजाइन भी बनवा रहे हैं, जिनमें उनके नाम की नेमप्लेट, पंखा, सॉफ्ट गद्दा और खाने-पीने की व्यवस्था शामिल होती है। इन घरों की सबसे खास बात यह है कि ये वॉटरप्रूफ और मजबूत लकड़ी से बने होते हैं, जिससे गर्मी में ठंडक और बारिश में पूरी सुरक्षा मिलती है।







### पेट्स को भी चाहिए ठंडक और आराम

*गर्मी के मौसम में सिर्फ इंसानों को ही नहीं, पालतू जानवरों को भी ठंडी हवा और आराम की जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अब बाजार में ऐसे रेडीमेड पेट्स हाउस आ गए हैं, जिनमें पंखा और मिनी एसी जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। कुछ लोग अपने पेट्स को घर के बाहर रखते हैं तो कुछ घर के अंदर। दोनों ही स्थितियों के लिए अब कस्टमाइज्ड घर तैयार किए जा रहे हैं। इन घरों में पालतू जानवरों के लिए सोने और खाने की अलग से व्यवस्थित जगह होती है। बिल्लियों के लिए खासतौर पर बड़े साइज के हाउस डिजाइन किए जा रहे हैं, जिनमें एक साथ तीन बिल्लियां आराम से रह सकती हैं। साफ-सुथरी जगहों पर रहना अधिकतर पेट्स को पसंद होता है, और ये रेडीमेड हाउस उसी जरूरत को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं।*

### पेट्स को मानते हैं फैमिली मेंबर

*शहर के कई पेट लवर्स मानते हैं कि पेट्स अब सिर्फ जानवर नहीं रहे, वे फैमिली मेंबर हैं। यही कारण है कि उनके आराम, खेलने, खाने और सोने के लिए अलग स्पेस देने की सोच अब आम हो गई है। शहर निवासी नीलम श्रीवास्तव बताती हैं कि हमने पेट्स के लिए लकड़ी का घर बनवाया है, अब वह खुद उसमें सोते हैं और जब मन होता है, तब ही बाहर आते हैं। ये देखकर बहुत खुशी होती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पालतू जानवरों को अगर अपना अलग 'स्पेस' मिलता है, तो वे ज्यादा सुरक्षित, शांत और खुशमिजाज रहते हैं। इससे उनका एंग्जायटी लेवल कम होता है, और स्लीप पैटर्न बेहतर हो जाता है।*



### दीवारों पर खिलौनों की सजावट

*पेट्स के लिए घर बनाना अब केवल एक लग्जरी नहीं, बल्कि पेट केयर का जरूरी हिस्सा बनता जा रहा है। जानवरों को अपना अलग सुरक्षित स्पेस देने की सोच लोगों के मन में अब गहराई से घर कर गई है। यह बदलाव समाज में पशु कल्याण और स्नेह का एक सकारात्मक संकेत है। शहर के कई इंटीरियर डिजाइनर्स भी अब 'पेट कॉर्नर' डेकोरेशन की सुविधा देने लगे हैं। इसमें दीवारों पर पेट्स के नाम, फोटो फ्रेम और खिलौनों की सजावट शामिल हैं।*

## सिटी इवेंट

### एक लाख विद्यार्थियों को बीएसबी अब देगा वैदिक-आधुनिक शिक्षा




**रायपुर।** भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) अब स्कूल शिक्षा का एक राष्ट्रीय बोर्ड है, जिसे शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग की अनुसूचि -3 द्वारा संबद्ध किया गया है। भारतीय शिक्षा बोर्ड शिक्षा के क्षेत्र में आने वाले समय में व्यापक व समग्र क्रांति बनेगी। इसका उद्देश्य भारत को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए वर्षों से चली आ रही वैचारिक सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पराधीनता से मुक्त करना और भारत को विश्व पटल पर एक बार फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए नेतृत्व करेगा। यह जानकारी मंगलवार को पत्रकार वार्ता में राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल और बोर्ड प्रभारी छबिराम साहू ने दिया। आगे बताया कि शिक्षा की इस क्रांति की शुरुआत में ही लगभग एक लाख विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयास है।

#### संगोष्ठी में चेयरमैन देंगे वक्तव्य

उन्होंने बताया कि इस शिक्षा बोर्ड से स्कूलों को जोड़ने के लिए 20 अप्रैल को सुबह साढे 10 से दोपहर एक बजे के बीच भारतीय शिक्षा बोर्ड पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी की जाएगी। इसमें प्राइवेट स्कूल प्रबंधन के लोग भी शामिल होंगे। इनके बीच मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन डॉ. एनपी सिंह और महापौर मीनल चौबे मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथि के रूप में रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला और अध्यक्षता सुनील अग्रवाल करेंगे।

### पक्षियों को राहत देने हर घर एक मुट्ठी दाना, एक सकोरा जल अभियान

*रायपुर। देवांगन जन कल्याण समिति ने भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए हर घर एक मुट्ठी दाना एक सकोरा जल अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत हर सदस्य अपने घरों में एक एक मिट्टी के सकोरे में पानी और एक मुट्ठी अन्न का दाना पक्षियों के लिए रखेंगे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बच्चों को अपने अपने घर में पक्षियों के लिए एक सकोरे में जल और एक मुट्ठी दाना घर के छत एवं मुंडेर में रखने हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी में प्यासे पशु पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। सभी को इस दिशा में सहयोग करना चाहिए। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि पूरे गर्मी भर वे पक्षियों के लिए इस तरह की पानी और अन्न के दाने की व्यवस्था करेंगे। उपस्थित अनेक लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने घरों के सामने आवारा पशुओं के लिए भी नांद में पानी भरकर रखेंगे, ताकि प्यासे आवारा गाय, कुत्तों आदि को गर्मी में पानी के लिए भटकना ना पड़े। समिति के द्वारा उपस्थित लोगों को मिट्टी के सकोरे भी वितरित किए गए।*

# वर्ल्ड वॉयस डे : कैफीन और शराब से बिगड़ती है आवाज की सेहत

**रायपुर।** आवाज सिर्फ बोलने का माध्यम नहीं, यह हमारी पहचान, भावनाओं और स्वास्थ्य का आईना है। हर साल 16 अप्रैल को वर्ल्ड वॉयस डे मनाया जाता है, ताकि लोग आवाज के महत्व को समझें और उसका बेहतर ख्याल रख सकें। इस वर्ष की थीम अपनी आवाज को सशक्त बनाएं रखी गई है, जो हमें इस ओर प्रेरित करती है कि हम अपनी आवाज की देखभाल करें और उसे मजबूत बनाएं।

चाहे आप शिक्षक हों, गायक, कॉल सेंटर एजेंट या सार्वजनिक वक्ता, आवाज आपके पेशे और व्यक्तित्व की रीढ़ होती है। आंबेडकर अस्पताल के ईएनटी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर बताती हैं कि आवाज को सशक्त और स्वस्थ बनाए रखने के लिए वोकल हाईजीन बेहद जरूरी है। एक स्वस्थ और स्पष्ट आवाज़ न सिर्फ संप्रेषण को आसान बनाती है, बल्कि



आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है। समाज में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक सशक्त आवाज अनमोल होती है। असरदार उपाय में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, कैफीन, शराब और धूम्रपान से दूर रहें, जरूरत से ज्यादा चिल्लाने या ऊंची आवाज में बात करने से बचें।

#### गले को थोड़ी देर का आराम दें


अक्सर लोग आवाज की अहमियत को तब तक नहीं समझते, जब तक उसमें कोई परेशानी न आ जाए। जबकि इसका रोज ध्यान रखना जरूरी है, ठीक वैसे ही जैसे हम दांतों की सफाई का ध्यान रखते हैं। पूरे दिन बोलने के दौरान गले को थोड़ी देर का आराम दे। आवाज को अपनी भावना प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बनाने के लिए इसकी देखभाल करना आवश्यक है। जैसे दंत स्वच्छता हमारे दांतों की रक्षा करती है, वैसे ही वोकल हाईजीन एक मजबूत और स्पष्ट आवाज के लिए जरूरी है।

# गुनरस पिया के मंच से 18 अप्रैल को गूंजेगा शास्त्रीय संगीत, साधना शिलेदार देंगी प्रस्तुति

**रायपुर।** शास्त्रीय संगीत की परंपरा को जीवंत बनाए रखने और नई पीढ़ी तक इसकी गूंज पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान की इकाई गुनरस पिया फाउंडेशन द्वारा भव्य शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल, शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल रायपुर के नवनिर्मित, आधुनिक सुविधाओं से युक्त छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा।इस संगीतमय संध्या में नागपुर से पधार रही प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका डॉ. साधना शिलेदार शास्त्रीय गायन के साथ-साथ नाट्य संगीत, भक्ति संगीत और उप–शास्त्रीय संगीत की विविध शैलियों में प्रस्तुति देंगी।

#### 13 वर्षों से जारी है शास्त्रीय संगीत का प्रचार–प्रसार





कार्यक्रम में डॉ. शिलेदार का संगत संवादिनी पर कमला देवी संगीत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति और तबले पर युवा तबला वादक बी. शरद द्वारा किया जाएगा। संस्था के संयोजक दीपक गुणवंत व्यास ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से रायपुर में शास्त्रीय संगीत के प्रचार–प्रसार हेतु संस्था द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने संगीत प्रेमियों एवं रसिकों से आग्रह किया है कि वे इस संगीतमय आयोजन में सपरिवार शामिल होकर भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा का आनंद लें।

## छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा यूथ महिला विंग का बैखासी सेलिब्रेशन

# गिद्दा-भांगड़ा के साथ सुनाई यादगार जोड़ी की दास्तान

कार्नर न्यूज

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा यूथ महिला विंग की नई टीम ने बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन किया। इसमें अध्यक्ष प्रिया टावरे और सचिव तृषा खुराना के साथ कोषाध्यक्ष सारिका सेठ बनीं।



**रायपुर।** सेलिब्रेशन हमेशा की तरह पारंपरिक तरीके से ही किया गया। इस बार भी पंजाब की मिट्टी से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा करते हुए पंजाब के शेर बुल्लेशाह और प्यार की दास्तान के साथ ही जोड़ी और प्रेमिका के प्यार एवं उनकी कुर्बानी को याद किया। एक यादगार जोड़ी की दास्तान सुनाई जैसे हीर-रांझा, सोहनी-महिवाल, शशि-पुन्नू, लैला-मजनू, मिर्जा साहिबा और जलाल के साथ ही रूपकौर मिर्जा साहिबा जैसी जोड़ी बनाकर पंजाबी गीतों पर गिद्दा व भांगड़ा का लुत्फ उठाया।



#### पंजाबी जीवनशैली की दिखी झलक

*हर साल की तरह बैसाखी सेलिब्रेशन की परंपरा महिला विंग ने निभाई। इसमें सभी को वार्षिक गिफ्ट भी दिया गया। सनातन सभा यूथ लेडीज विंग ने इस सेलिब्रेशन को यादगार और सफल बनाने के लिए सभी ने सहयोग दिया। इस दौरान सेलिब्रेशन की श्रृंखला में पंजाबी जीवनशैली की झलक भी पेश की गई। गीत-संगीत और पंजाबी परंपरा के तहत ही महिलाओं ने इसे उत्सव की तरह मनाते हुए एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की बधाई दी। महोबा बाजार स्थित होटल में सेलिब्रेशन का माहौल देखने लायक था। इसमें महिला विंग से जुड़ीं मेंबर्स ने भी भागीदारी निभाते हुए उत्सव का माहौल बना दिया।*



## आराधना

# प्रभु की लीला के बिना न कोई जन्म लेता, न किसी की मृत्यु



**रायपुर।** कथा केवल यश पाने के लिए या किसी इच्छा के अधीन होकर किया गया धर्म कार्य नहीं, बल्कि इसके माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है। भगवान को पाने की इच्छा तो परीक्षित और शुकदेव का संवाद सुन लेने मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत का श्रवण जरूर करें। यह बात अग्रोहा कालोनी के मंगलम भवन में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की श्रृंखला में व्यासपीठ से पं. झम्मन प्रसाद शास्त्री ने कही। महाराज ने कहा कि प्रभु की लीला के बिना न कोई जन्म ले सकता और न किसी की मृत्यु हो सकती है। इस कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान है।

### इसलिए सनातन धर्म महान

*शास्त्रीजी ने कहा कि जब कोई व्यक्ति सात्विक मन से ईश्वर को पाने की चेष्टा करता है तो शुकदेव जैसे ज्ञानी का पदार्पण होता है। श्रवण योग से आसान कोई दूसरा रास्ता परमात्मा को पाने का नहीं है। गौरव की बात है कि हम सभी सनातन धर्मी दो-चार दिनों के नहीं, बल्कि 31 नील 10 खरब 40 अरब पुराना है। ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना के समय 84 लाख योनियों का सृजन तो किया, लेकिन विवेकशील प्राणी अर्थात मनुष्य बनने के लिए उन्हें नारायण की शरण लेनी पड़ी, इसलिए सनातन धर्म महान है।*

### कर्ज न लेना पड़े बनाएं ऐसा

इस संसार में अकृतार्थ जीवात्मा को दोबारा जन्म लेना पड़ता है। इसलिए 24 घंटे में कम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति, भज और कीर्तन जरूर करना चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है, न कि केवल धन वैभव और जीविकोपार्जन के लिए लगे रहना। महाराज ने संकीर्तन का महत्व बताते हुए प्रभात फेरी राम नाम संकीर्तन से युवाओं में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने का तरीका भी सुझाया। उन्होंने कहा कि रामराज लाना हो तो कर्ज माफी नहीं, बल्कि कर्ज लेना ही न पड़े, ऐसा वातावरण बनाना पड़ेगा।

## धर्म लाइव

# कोसा कुंवर... पर महिलाओं के थिरके पांव, किया भजन-कीर्तन




**रायपुर।** सिंधी समाज की महिलाओं ने धूमधाम से इस बार देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में शहीद संत कंवरराम साहेब की जयंती मनाई। भजन-कीर्तन और सत्संग के बीच महिलाओं ने गीतों पर थिरकते हुए इसे उत्सव का रूप देने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। कविता ग्वालानी की अगवाई में समाज की महिलाओं ने जयंती की तैयारी के बाद आयोजन का सफल संचालन किया। इसमें सिंधी समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनके बीच जब संत कंवरराम के गीत कोसा कुंवर का गायन शुरू हुआ तो महिलाओं ने नाचना शुरू कर दिया। महिलाओं ने संत कंवरराम साहेब के वेशभूषा में उनके जीवन प्रसंगों पर गाए गए भजनों पर नृत्य पेश किया।

### परोपकार करने का लिया संकल्प

इस अवसर पर संतश्री के बताए आदर्शों पर चलने का आव्हान अम्मा मीरादेवी ने किया। बाबा गेलाराम साहेब, बाबा गोदड़ीवाला साहेब की जयकार के साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें कानपुर स्थित प्रेमप्रकाश दरबार से आए संत सांई भोलाराम का सानिध्य समाज को प्राप्त हुआ। संत कंवरराम साहेब के साथ सांई टेऊंराम साहेब के भजनों के साथ ही स्तुति गायन भी किया गया। भजन संध्या के बीच समाधि वाले सांई गुरदासराम साहेब की आरती गाई गई। संतों के सानिध्य में सभी ने परोपकार करने का संकल्प लिया।

## सिटी इवेंट

# घर खर्च से पैसे बचाकर गौवंश को उठाने ठेला गाड़ी का कराया निर्माण



**रायपुर।** जैन समाज की महिलाओं ने अनोखी पहल की है। महिलाओं ने घर खर्च से बचाकर करीब 15 हजार रुपए एकत्रित किए। इन पैसों से उन्होंने गौवंश को उठाने एक ठेला गाड़ी तैयार करवाया है। महावीर जयंती के दिन इसे मोहलाई स्थित श्री कृष्ण गौशाला को सौंपा गया। दिगंबर जैन बड़े मंदिर महिला मंडल के द्वारा यह पुनित कार्य किया गया। साथ ही अन्य लोगों से भी गौवंश की सेवा की अपील की गई। मीना पाटनी, रंजू बड़जात्या, सुनीता बोहरा का इस कार्य में सहयोग रहा। सुनीता बोहरा सहित अन्य महिलाओं ने गौशाला जाकर आवश्यकता के अनुरूप गौ वंशों को उठाने हाथ ठेला गाड़ी का निर्माण कराया। इसमें ट्रांसपोर्टिंग सहित कुल खर्च रुपए 17500 आया। जीव रक्षक केंद्र के आजीवन सदस्य संजय बोहरा ने बताया कि यह जैन समाज का अनुकरणीय और जीव दया के प्रति एक अच्छा प्रयास है। यह बहुत ही जरूरी और अति उपयोगी साधन था, जिसे महावीर जयंती पर गोशाला में विधिवत प्रदान किया गया।

● राजधानी में पानी और जगह की कमी के चलते गायब हो रहा जलदान का दौर, लोग खरीद रहे पानी

# चौराहों-बाजारों के पास कुटिया में रेत पर रखे मटकों से नहीं होता गला तर, खोने लगे 'धर्मार्थ प्याऊ'

'गर्मी के दिनों में अब शहर के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्र में खस तथा पैरा की कुटिया गायब होने लगी है। पहले कुटिया में रेत पर 4-5 मटके सजते थे, उसमें पानी के साथ केवड़ा, गुलाब जल मिलाया जाता था। इसे लोग जलदान महादान की भावना से पिलाने के लिए सेवा देते थे। समय के साथ अब इसका तरीका भी बदलने लगा है। वाटर कूलर लगाकर सरोकार से जुड़े लोग सेवा दे रहे हैं।'



**रायपुर।** तपती दोपहरी का एहसास लोग करने लगे हैं। कुछ अरसे पहले तक कड़ी धूप में 4 महीने चलने वाले राहगीर 'धर्मार्थ प्याऊ' में कुछ पल के लिए ठहरते थे। इसे ज्यादातर किसी पेड़ की छांव में सजाया भी जाता था, ताकि धूप से आने वाले लोग दो पल ठहरने के बाद मिट्टी के मटके के शीतल पानी का अब एहसास भूल चुके हैं। कुछ जगहों पर इसे लगाया भी गया है, लेकिन छाया का अभाव देखकर लोग आगे बढ़ जाते हैं। कई समाज के लोग पहले इस सेवा का दायित्व निभाते थे, वे भी अब वाटर कूलर लगाने लगे हैं। इसके कई कारण भी लोग बता रहे हैं। इन सबके बावजूद प्याऊ के पास दो पल ठहरने और सेवा देने वाले गरीब वर्ग के लोगों से संवाद का जरिया भी आधुनिकता की चकाचौंध में खत्म हुआ है।

### समाज के लोग और व्यापारी बोले- करेंगे पहल

- छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कहा कि अब हर वर्ग के लोग बोतलबंद पानी पीना पसंद करते हैं। मजदूर पानी पाउच दुकान से लेने लगे हैं। रायपुर सहित सभी राज में धर्मार्थ प्याऊ का संचालन जल्द शुरू करेंगे।
- सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने कहा कि जलदान महादान की परंपरा कभी खत्म नहीं होगी। अब राहगीर ज्यादा सजग हैं, वे घर से ही बोतल में पानी लेकर निकलते हैं। रायपुर में पानी की समस्या के चलते प्याऊ भी कम होने लगे हैं।
- इसी तरह सिंधु एकता संघ के संस्थापक सुभाष बजाज ने बताया कि निगम ने बाजारों और मुख्य मार्गों के आस-पास पुराने सभी सार्वजनिक नलों को बंद कर दिया है। इससे प्याऊ घर में पानी भरने की समस्या की वजह से अब धर्मार्थ प्याऊ का चलन कम हो गया।
- छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने तर्क दिया कि शहर में प्याऊ खोलने के लिए तीन तरह की दिक्कतें आ रही हैं। पानी, जगह और सेवा देने के लिए लोग भी नहीं मिलते हैं। राहगीर अब वाटर कूलर का रुख करने लगे हैं।

### भूलने लगे दौर, देख रहे वाटर कूलर

*शहर में किस सेठ के पास कितनी दौलत और कितना बड़ा दिल है, इसका अनुमान उनके नाम पर बने प्याऊ से लगाया जाता। किसी के घर में बच्चे का जन्म हो या किसी की शादी या फिर पुण्यतिथि, गम या खुशी के तमाम मौके पर प्याऊ लगाते हुए उसे यादगार बनाने का भाव अब वाटर कूलर ने निगल लिया है। तब स्थाई प्याऊ बनवाना शान की बात होती थी। इस पर लोग अपने बुजुर्गों का नाम लिखवाते थे। अब वाटर कूलर दान कर उसके ऊपर नाम लिखवाने लगे हैं। लगाने के बाद कोई देखने नहीं आता।*



### इन मार्गों पर सजते थे प्याऊ घर



कुछ अरसे पहले रेलवे स्टेशन से पुराना बस स्टैंड पंडरी के बीच एक दर्जन से ज्यादा प्याऊ घर सजते थे। इसी तरह रविवि से तेलीबांधा थाना के बीच धर्मार्थ प्याऊ की श्रृंखला सजती थी। इन मार्गों से आने-जाने वाले लोग प्यास बुझाने के लिए रुकते थे। इसी तरह शास्त्री मार्केट, गोलबाजार, सदर बाजार, पुरानी बस्ती, आमापारा से महादेवघाट के बीच किसी पेड़ के नीचे लोगों को गला तर करने के लिए गर्मी में प्याऊ मिल जाते थे। पुराने दौर में लोगों के द्वारा गर्मी में की जाने वाली यह सेवा अब दुर्लभ हो गई है।

# भक्ति-भाव से बंगाली कालीबाड़ी में नववर्ष का स्वागत, देर रात तक मनाया उत्सव



**रायपुर।** वर्षों पुरानी परंपरा को निभाने के लिए इस बार भी बंगाली कालीबाड़ी स्थित मंदिर में भक्तिमय माहौल सुबह से देर-रात तक रहा। लोग परिवार के साथ बंगाली नववर्ष का स्वागत करने के लिए जुटे। इससे एक तरफ जहां भक्तिमय माहौल रहा, वही तन्मय चटर्जी, प्रबीर सेनशर्मा ने लोगों को व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। इनके मार्गदर्शन में सुबह 5 बजे कालीबाड़ी कैंपस में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ। विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ लोगों को पूजा का हिस्सा बनने के लिए समाज के पदाधिकारियों ने अवसर दिया। शाम को लोगों की भीड़ बढ़ने से उत्सव का माहौल बना।



### खानपान के लिए सजाया व्यंजन

बंगाली नववर्ष का स्वागत करने के लिए लोग शाम से देर-रात तक परिवार के साथ पहुंचे। जहां लोगों को खान-पान का आनंद लेने के लिए व्यंजनों का मेला भी सजाया गया। वहीं दूसरी तरफ बच्चों और युवाओं ने सिंगिंग और डांस पेश करते हुए लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। इस आयोजन का निर्देशन महुआ मजूमदार और संचालन वंदना ने किया। इनके मार्ग-दर्शन में समाज के प्रतिभागी युवाओं ने एक तरफ जहां गीतों की श्रृंखला सजाई, वहीं दूसरी तरफ लोगों को मंच से जोड़े रखने के लिए डांस भी पेश किया।

### उत्सव के बीच स्टालों पर रौनक

कालीबाड़ी में उत्सव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे लोगों को स्टालों पर सजाए गए व्यंजनों का लुत्फ भी उठाने का अवसर मिला। इसका सबसे ज्यादा आनंद बच्चों और महिलाओं ने लिया। इनके बीच व्यवस्था की बागडोर समाज के युवाओं ने संभाली। किसी तरह से अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए, इसके लिए वाहनों की पार्किंग कालीबाड़ी परिसर में ही किया गया। इसकी मानीटरिंग का दायित्व युवाओं को दिया था।

# मैग्नेटो प्रीमियर लीग में रोमांचक मुकाबलों ने बढ़ाया जोश, हर दिन कांटे की टक्कर




**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में चल रहे मैग्नेटो प्रीमियर लीग का 16वां दिन जोश और रोमांच से भरपूर रहा। खेलप्रेमियों के लिए यह दिन किसी उत्सव से कम नहीं था, जहां मैदान पर खिलाड़ियों की जबरदस्त जुझारू भावना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन के पहले मुकाबले में वेल्थू और जेसीआई के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में वेल्थू ने शानदार जीत दर्ज की। टीम के खिलाड़ी जेसीआई ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।

### मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

इस टूर्नामेंट के विजेता को 1 लाख रुपए नकद राशि और उपविजेता को 50,000 रुपए पुरस्कार मिलेगा। करीब 1 से 1.5 महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में दर्शकों को रोजाना नए और रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।

### हल्दीराम की जीत, रंजन का शानदार खेल

*दूसरे मुकाबले में हल्दीराम और स्काय तेलीबांधा की टीमें आमने-सामने थीं। खेल की शुरुआत से ही दोनों टीमों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन हल्दीराम ने अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच जीत लिया। इस मैच के हीरो रहे रंजन, जिन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। एमपीएल के साथ हर दिन मुकाबलों का रोमांच और प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ता जा रहा है। खिलाड़ी जहां मैदान पर अपना पूरा दमखम लगा रहे हैं, वहीं दर्शक भी हर एक गेंद और हर एक रन पर उत्साहित नजर आ रहे हैं।*

## महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शुरू

कार्नर न्यूज



# मैक सॉलिटेयर: महिलाओं के हुनर को मिल रही नई उड़ान, आत्मनिर्भर बनने सीख रहीं कला

**रायपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। "मैक सॉलिटेयर 2025" के तहत निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाएं न सिर्फ अपनी रुचियों को नया आयाम दे रही हैं, बल्कि इन कलाओं के जरिए खुद का करियर भी बना रही हैं।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुंबा व नृत्य, सेल्फ डिफेंस, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा और मेडिटेशन जैसे कौशल शामिल हैं, जो आमतौर पर हजारों रुपए खर्च करने पर ही सिखाए जाते हैं, लेकिन यहां यह सब कुछ निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।



### दिए जाएंगे विशेष पुरस्कार

*प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, आकर्षक उपहार व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 30 मई तक, प्रतिदिन संध्या 4:00 से 5:30 बजे तक चल रहा है। यहां कार्यक्रम में भाग लेने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।*

### विभिन्न विधाओं में बना रहे पहचान

कई महिलाएं इस मौके को जीवन बदलने वाला अनुभव बता रही हैं। कोई फिटनेस ट्रेनर बनने का सपना देख रही है तो कोई मेकअप आर्टिस्ट के रूप में अपनी पहचान बना रही है। साथ ही सेल्फ डिफेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे विषय उन्हें न सिर्फ आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि आत्मविश्वास से भी भर रहे हैं। महाविद्यालय के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग्यता के साथ साथ रोजगार की संभावनाएं भी तैयार की जा रही हैं।

## खबर संक्षेप



### चरौदा में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

**आरंग।** ग्राम चरौदा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्ष और उल्लास से मनाया गया। जिसमें अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि तोषण साहू, सरपंच देवशरण धीवर उपसरपंच, रवि कुमार बंजारे और पंचगण उपस्थित रहे। साथ में गांव के युवा भीम आर्मी के अध्यक्ष योगेश बंजारे, उपाध्यक्ष तोरण निराला, चूड़ामणि परमार, रणजीतमनी, प्रमोद, देवेंद्र नारंग, देवेन्द्र परमार, प्रवीण, कृष्णा, हर्ष, चंदन, हरीश, गजेंद्र सभी ने जयंती मनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। साथ में ग्राम चरौदा में अम्बेडकर चौंक का निर्माण भी किया।

## निधन

### अरुण कुमार धूरंधर

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम ताराशिव निवासी श्री अरुण कुमार धुरंधर



(दाऊजी) 69वर्ष का निधन 14 अप्रैल को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम ताराशिव के मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल, गायत्री, शालिनी, सुनील, एवं सपना के पिता थे। अंतिम संस्कार में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

### घुरई देवांगन

**आरंग।** सोमवार को चुड़ी लाइन श्याम बाजार आरंग निवासी 80 वर्षीय घुरई बाई देवांगन का निधन



हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वह संतोष, अशोक और संतराम, देवांगन की माता थी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में सुघ्घर महतारी योजना के तहत दी समझाइश

# गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच व पौष्टिक आहार संबंधी दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'सुघ्घर महतारी' का आयोजन मंगलवार को धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) विकास तिवारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। बता दे कि सुघ्घर महतारी योजना' का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक आहार संबंधी सलाह और प्रसव के सुरक्षित तरीके के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। साथ ही, नवजात शिशुओं के टीकाकरण और उनके उचित देखभाल के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाता है। धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक गर्भवती महिलाओं और नई माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उन्हें योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। उन्हें गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों, संतुलित आहार के महत्व और संस्थागत प्रसव के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त, नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व और टीकाकरण की समय सारणी पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बीएमओ विकास तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'सुघ्घर महतारी योजना' छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और सभी महिलाओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।





### महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में आएगा सकारात्मक बदलाव

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना और अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह योजना क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाएगी। धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र में 'सुघ्घर महतारी योजना' का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि स्वास्थ्य विभाग जमीनी स्तर पर इस महत्वपूर्ण योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस तरह के आयोजनों से न केवल महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है, बल्कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में भी मदद मिलती है।

### सुग्घर महतारी दिवस का हुआ शुभारंभ



**आरंग।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में छत्तीसगढ़ शासन की जागरूकता भरी पहल सुग्घर महतारी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभापति पार्षद भानमती राकेश सोनकर ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक की सलाह का अवश्य पालन करना चाहिए एवं उन्होंने महतारी एक्सप्रेस 1024 एवं संजीवनी एक्सप्रेस 108 की भी जानकारी दी एवं प्रसव प्रक्रिया को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जोखिम से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला से आए हुए डॉक्टर जिला नोडल प्रीति नारायण एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत ने गर्भवती महिलाओं की जांच, सुरक्षित प्रसव के लिए जानकारी, गर्भ के दौरान उचित खानपान एवं समस्त लेबोरेटरी जांच, आवश्यक निःशुल्क दवाइयां एवं प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सुग्घर महतारी कार्ड बहुत ही उपयोगी है।

## कुथरेल में बाबा साहब की मनाई गई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम कुथरेल में सोमवार 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर डीजे व जय भीम के जयकारे पैदल रैली के साथ गांव भ्रमण किया उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्जलित केक काट कर बालिका पंथी पाटी द्वारा पंथी नृत्य के साथ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, साहब को याद किया भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर हम सब बाबा साहब का पावन स्मरण करते हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान तैयार करने में केन्द्रीय भूमिका निभाते हुए सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य की नींव रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए अभियान चलाया। दलितों के साथ उन्होंने मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और उनके उत्थान के लिए संविधान में अनेक प्रावधान किया। इस अवसर मे ग्राम कुथरेल सरपंच श्रीमती अनु सुनील बघेल, धनेश्वर बंजारे (उपसरपंच), पंचगण, कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रद्धा और विश्वास के मिलन से होता है पुरुषार्थ का प्रदुर्भाव : रमण महाराज

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा समीपस्था ग्राम सरोरा में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल, शाखा गोसदन के तत्वाधान में आयोजित रामकथा के दूसरे दिवस की कथा में वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास ब्रज रस प्रवाहक श्री रमण बिहारी शरण महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान की झांकी का श्रोताओं ने दर्शन किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रद्धा और विश्वास के मिलन से ही पुरुषार्थ का जन्म होता है। भगवान शंकर और माता पार्वती श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक है। माता पार्वती की कठोर



तगस्या से भगवान शिव प्रसन्न हुए थे। फिर उन्होंने माता पार्वती से विवाह रचाया। इसके बाद भगवान कार्तिकेय का जन्म हुआ। भगवान कार्तिकेय द्वारा तारकासुर का वध किया गया। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शंकर से श्रीराम जी के अवतार के बारे में प्रश्न किया और भगवान शंकर ने पांच मुख्य कारण बताए। माता पार्वती ने प्रश्न किया श्रीराम का अवतार कब होता है और किस लिए होता है। भगवान शंकर ने उत्तर दिया कि हे देवी भगवान का अवतार विप्रो के लिए, धेनु के लिए, भक्तों के लिए उनका अवतार होता है। भक्तों पर जब कोई दुष्ट आघात करता है तो परमात्मा को अवतार लेना पड़ता है। इसके बाद महराज श्री ने राम जन्म कि कथा सुनाई व बधाई गीतों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया,

आयोजन प्रमुख दाऊ डी डी अग्रवाल, अशोक तिवारी गोवर्धन साहू, यशवंत तिवारी सहित बड़ी सख्या में भक्त कथा में शामिल हुए।

## ताराशिव की ग्रामसभा में स्पज आयरन प्लांट नहीं खुलने देने का प्रस्ताव पारित

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम ताराशिव जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम सभा का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें सचिव के हड़ताल में होने के कारण रोजगार सहायक को ग्राम सभा आयोजित करने सचिव की जम्मिेदारी दी गई थी, जिसमें सरपंच पूर्णिमा वर्मा की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित किया गया। जिसमें गांव के पंचगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहें, जिसमें प्रमुख रूप से शासन द्वारा निर्धारित बिन्दुओ पर चर्चा किया गया व गांव में सभी घरों के पेयजल की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने सरपंच द्वारा आश्वासन दिया गया। साथ ही ग्राम ताराशिव में सालासर मेटालिक्स स्पंज आयरन प्लांट को खोलने एनओसी नहीं देने व एक अन्य पास स्थित स्पंज आयरन प्लांट द्वारा तहसीलदार तिल्दा के माध्यम से आवेदन दिया गया था जिसमें लगभग गांव के 40 एकड़ जमीन उद्योग विभाग को देने आवेदन को भी सर्वसम्मति से किसी प्रकार का जमीन नहीं देने का प्रस्ताव पारित किया गया।






## खंडवा के अंबेडकर चौक में विधायक ने किया बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के नेतृत्व एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भीमराव के 134वी जंयती उपलक्ष्य पर नवा रायपुर स्थित ग्राम खंडवा के अंबेडकर चौक में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि डॉ. भीमराव के कारण ही सबको बराबर सम्मान मिल पाया है बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणादायक है। विधायक श्री साहू ने लोगों को बाबा साहब के जीवन आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक द्वारा नव निर्वाचित सरपंच एवं पंचों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिपं सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य संतराम साहू, पूर्व सभापति राजू तारवानी, सरपंच सुशीला भारती, उपसरपंच गजेंद्र वर्मा, गीता यादव, मनोहर भारती, नरेंद्र कुमार साहू,



अवध राम यादव, अजय भारती, भूपेश बारले, खीर दास, भारती तिलक बारल, राजेंद्र सिन्हा, अनिल अग्रवाल, झाड़ राम सिन्हा, संजय बंजारे, छबिलाल महिलांगे, भागीरथी बारले, जगदीश भारती, संजय भारती, नंदलाल वर्मा, मनोहर आडील, संजय मिश्रा, हलिना आडील, दुर्गा ध्रुव, अनीता बारले, मानिकलाल, ठाकुरराम, विजय आलोक, नवीन, छवि, शुभम, हरिलाल पटेल, सूरज, चांद, मनसुखा व सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए गुरु खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम धमनी में धीवर समाज व ग्रामवासियो के सयुक्त तत्वाधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्वबोधन मे कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं भावनात्मक है।

धमनी गांव की पावन भूमि पर श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन का अभिनव उत्सव है। धमनी गांव के श्री राम मंदिर का यह आयोजन हम सबको एक सूत्र में बांधता है। गांव की एकता, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बनकर यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को भी श्रीराम के आदर्शों से जोड़ता रहेगा। विधायक ने इस भव्य आयोजन के लिए धीवर समाज व ग्रामवासियों को धन्यवाद देते हुए आश्वस्त किया कि क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।




**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार आनंद राम जाटवर, पिता- स्व. सालिक राम जाटवर, निवासी- आदर्श नगर, मोवा, थाना- पंडरी, तह व जिला रायपुर, छ.ग. का निवासी है मेरे पक्षकार के स्वयं के अर्जित आय की कृषि भूमि ग्राम - मोखला, तहसील- आरंग, जिला रायपुर, छ.ग. में खसरा नं. 510/2 रकबा 0.06 हे. अर्थात 15 डिसमील भूमि स्थित है तथा मेरे पक्षकार के स्वयं की अर्जित संपत्ति है। तथा मेरा पक्षकार अपने उपरोक्त समस्त चल एवं अचल संपत्तियों पर अपने पुत्र सूर्याकांत जाटवर पिता- आनंद राम जाटवर को आज दिनांक से बेदखल करता है आज दिनांक के पश्चात मेरे पक्षकार का पुत्र सुर्याकांत जाटवर का किसी भी संपत्ति पर किसी भी प्रकार से कोई हक व दावा नही रहेगा।

यह कि, उपरोक्त आम सूचना बेदखली के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा जन मानस को सूचित किया जा रहा है। सो सूचना जाने

रायपुर, छ.ग. दिनांक 15.04.2025

**भवदीय**
**छबि लाल लोन्हारकर अधिवक्ता**
**कार्यालय पता- महाराज बंध तालाब, महामाई पारा, पुरानी बस्ती, रायपुर, छ.ग.**
**मो. नं. - 9691317716**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ. ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं./ /अ-6 अ/2025
धरसींवा, दिनांक 11/04/2025
ग्राम मोहदी प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसीवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदकुमार वर्मा पिता श्री स्व.कलीराम वर्मा निवासी ग्राम पोस्ट मोहदी जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक मोहदी के कृषक श्री भागवत यादव पिता स्व. रामजी यादव से खसरा नं. 36/4 रकबा 0.210 हे. का टूकडा 0.120 हे. को खरीदा है। जिसका रजिस्ट्रीकरण दिनांक 10.06.2003 को हुआ है आवेदक के ऋण पुस्तिका के खसरा 36/5 में 0.120 हे. दर्ज है। किन्तु राजस्व अभिलेख एवं आनलाईन एन्ट्री में खसरा नं. 36/5 में 0.090 हे. दर्ज है। क्रेता विक्रेता के ऋण पुस्तिका में रकबा सही दर्ज है। अतः रकबा में हुई त्रुटि को सुधार करते हुए खसरा नं 36/5 के रकबा 0.120 हें सुधार कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21/04/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार, धरसींवा**















## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार के सवा साल में बस्तर बदहाल हो गया

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है। बस्तर के आम आदमी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर वर्तमान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। बस्तर के लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिये कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में जो काम शुरू किया था, वर्तमान सरकार ने उन सारी योजनाओं को बंद कर दिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिये शुरू की गयी शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना को बंद कर दिया। 65 से अधिक वनोपजों के वैल्यू एडीशन काम को बंद कर दिया, बस्तर कनिष्ठ चयन बोर्ड की कार्यवाही बंद हो गयी, हाट बाजार क्लीनिक दम तोड़ चुकी है। कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी बंद है। मलेरिया उन्मूलन अभियान दम तोड़ चुका है। देशभर में चर्चित तथा बस्तर में रोजगार का प्रमुख साधन डेनेक्स भी बदहाल हो चुका है। भाजपा के लिये बस्तर का मतलब शोषण का केंद्र मात्र है। सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाने वालों को ही टारगेट किया जा रहा है।

### गायों की मौत पर कांग्रेस की कमेटी ने की जांच

रायपुर। उरला के समीप गांव कन्हेरा में करीब 50 गायों की मौत के मामले की जांच के लिए बनी कांग्रेस की कमेटी ने मौके पर जाकर जांच की। इस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कमेटी ने मौके पर जाकर जांच की तो ये बात सामने आई है कि कारखानों से निकले लाल पानी और प्रदूषित चारा खिलाए जाने से गायों की मौत हुई है। जांच में ये बात भी सामने आई है कि घटनास्थल के पास गड्ढा खोदा गया है। आशंका है कि कुछ मृत गायों को जमीन में दबा दिया गया है। इसके साथ ही प्रदूषित चारे को भी नष्ट किया गया है। मृत गायों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।

### कैबिनेट कल

रायपुर। नए वित्तीय वर्ष की साय कैबिनेट की पहली बैठक 17 अप्रैल को होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में 12.30 बजे होगी। नए वित्तीय वर्ष की यह पहली कैबिनेट होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा नए बजट में जिन नई योजनाओं के क्रियान्वयन निर्णय लिया गया है, उन पर चर्चा होगी। वहीं कैबिनेट उप समिति द्वारा लिए गए विभिन्न फैसलों पर मुहर लगेगी।

## निधन

### डा. उषा धुप्पड़



रायपुर। डूंगाजी कॉलोनी निवासी डा. उषा धुप्पड़ का 15 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष धुप्पड़ की पत्नी, तमन्ना धुप्पड़ की माता और मनीष, सुनील, गौरव धुप्पड़ की चाची थीं।

### कमला देवी शर्मा



रायपुर। कुची गांव, भवानीपुर पलारी ब्लॉक निवासी कमला देवी शर्मा का 15 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे कुची गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. सुंदरलाल शर्मा की पत्नी और युवराज शर्मा की बड़ी मां थीं।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार आनंद राम जाटवर, पिता- स्व. सालिक राम जाटवर, निवासी- आदर्श नगर, मोवा, थाना- पंडरी, तह व जिला रायपुर, छ.ग. का निवासी है मेरे पक्षकार के स्वयं के अर्जित आय की कृषि भूमि ग्राम - मोखला, तहसील- आरंग, जिला रायपुर, छ.ग. में खसरा नं. 510/2 रकबा 0.06 हे. अर्थात 15 डिसमील भूमि स्थित है तथा मेरे पक्षकार के स्वयं की अर्जित संपत्ति है। तथा मेरा पक्षकार अपने उपरोक्त समस्त चल एवं अचल संपत्तियों पर अपने पुत्र सूर्याकांत जाटवर पिता- आनंद राम जाटवर को आज दिनांक से बेदखल करता है आज दिनांक के पश्चात मेरे पक्षकार का पुत्र सुर्याकांत जाटवर का किसी भी संपत्ति पर किसी भी प्रकार से कोई हक व दावा नही रहेगा।

यह कि, उपरोक्त आम सूचना बेदखली के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा जन मानस को सूचित किया जा रहा है। सो सूचना जाने

रायपुर, छ.ग. दिनांक 15.04.2025

भवदीय
छबि लाल लोन्हारकर अधिवक्ता
कार्यालय पता- महाराज बंध तालाब, महामाई पारा, पुरानी बस्ती, रायपुर, छ.ग.
मो. नं. - 9691317716


# जांच के लिए सप्ताहभर इंतजार, नई एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन दिलाएगी मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीटी स्कैन अथवा एमआरआई जांच के लिये सप्ताहभर की वेटिंग की समस्या से जूझ रहे मरीजों को आने वाले दिनों में इससे मुक्ति मिल जाएगी। दोनों तरह की नयी मशीन खरीदने के लिए शासन द्वारा पिछले दिनों घोषित बजट में 28 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अभी पुरानी मशीनों से जांच की वजह से उन्हें सप्ताहभर इंतजार करना पड़ता है। राहत देने डीके अस्पताल जाकर जांच की व्यवस्था भी की गई है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले लगभग पचास फीसदी मरीजों को रेडियोडायग्नोसिस जांच की आवश्यकता होती है। इनमें सीटी स्कैन अथवा एमआरआई महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल में दोनों तरह की जांच के लिए एक-एक पुरानी मशीन मौजूद है, जो लगातार उपयोग की वजह से धीमी रफ्तार से चलती है और कभी भी साथ छोड़ देती है। इसकी वजह से मरीजों की जांच प्रभावित होती है और सामान्य तरह के मरीजों को जांच के लिए सप्ताहभर तक इंतजार करना पड़ता है। विभागीय स्तर पर मरीजों की जल्दी जांच के लिए डीके अस्पताल रेफर करने का सिस्टम भी बनाया गया है, मगर इसका अधिक फायदा मरीजों को नहीं मिल पाया है। जांच के लिए लंबे इंतजार की परेशानी से मरीजों को जल्दी ही मुक्ति मिलने की उम्मीद है। जांच की सुविधा को अपग्रेड करने के लिए सीटी स्कैन मशीन के लिए 13 करोड़ और एमआरआई मशीन खरीदी के लिए 15 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

## आंबेडकर अस्पताल में नई मशीन खरीदी के लिए 28 करोड़ का प्रावधान

### इमरजेंसी मरीजों को प्राथमिकता

आंबेडकर अस्पताल पर मरीजों का काफी दबाव रहता है। रायपुर के साथ यहां दूसरे जिलों के मरीज भी आकर अपना इलाज करवाते हैं। इसके साथ ही अन्य अस्पतालों से भी गंभीर मरीज यहां रेफर किए जाते हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को आवश्यकता होने पर यहां पहले जांच की सुविधा दी जाती है। सामान्य मरीजों की जांच के लिए पांच दिन तय होता है और दो दिन एनीस्थिसिया डे के रूप में बेहोश स्थिति वाले मरीजों की जांच की जाती है।




आंबेडकर अस्पताल की स्थिति

- करीब 13 सौ बेड की क्षमता, हमेशा हजार के करीब मरीज भर्ती
- रोजाना ओपीडी में 2 हजार तक मरीज, आईपीडी की संख्या 3 सौ
- औसतन 50 फीसदी मरीजों को सीटी स्कैन, एमआरआई जांच की जरूरत

### दूसरे अस्पताल की व्यवस्था कारगर नहीं

सूत्रों के अनुसार लंबी वेटिंग से बचने के लिए दूसरे अस्पतालों में जाकर जांच की व्यवस्था कारगर नहीं है। डीके के साथ जिला अस्पताल में भी नियमित के बाद अन्य मरीजों को जांच की सुविधा दी जाती है। चूंकि आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले ज्यादातर मरीज ग्रामीण इलाकों से होते हैं, उपचार के दौरान उन्हें किसी तरह की जांच के लिए दूसरे अस्पताल जाने में असहजता महसूस होती है।

# अहातों का खुला टेंडर, भाठागांव सबसे महंगा 66 लाख में गया, मेटल पार्क की सबसे कम 18 लाख लगी बोली

## दुगुनी कीमत पर लिया अहाते का टेंडर, इस बार दो साल का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में संचालित 39 अहातों का टेंडर मंगलवार को खोला गया। इस बार भी अहाता के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई है, जिसके कारण कई अहाते आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से दो गुना से अधिक कीमत पर गए हैं। हालांकि कई देशी-विदेशी अहाते समूह में ठेके पर गए हैं। ये वही अहाते हैं जो एक ही स्थान पर संचालित हैं। जिन अहातों का टेंडर खुला, उनमें विदेशी कम्पोजिट भाठागांव का सबसे महंगा 66 लाख 6100 रुपए में गया है, जबकि इसका आरक्षित मूल्य 24 लाख 14 हजार रुपए था। इसके अलावा विदेशी कम्पोजिट लभांडी का अहाता भी 65 लाख 10 हजार रुपए में गया है, जबकि आरक्षित मूल्य 21 लाख 14 हजार रुपए था। इस तरह ये दोनों दोगुना से अधिक कीमत पर गए हैं। इसी प्रकार सबसे कम में मेटल पार्क उरला का विदेशी कम्पोजिट अहाता 17 लाख 80 हजार रुपए में गया है। इसका आरक्षित मूल्य 14 लाख 39 हजार रुपए रखा गया था।

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में कलेक्टर गौरव सिंह की मौजूदगी में 46 अहातों का टेंडर खोला गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, नगर निगम रायपुर कमिश्नर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा सहित आबकारी विभाग के सहायक अधिकारी एवं उपनिरीक्षक के अलावा टेंडर भरने वाले आवेदक भी उपस्थित थे।



**इस बार दो साल का ठेका :** आबकारी की नई पॉलिसी के तहत पिछले वर्ष अहाता का ठेका एक वर्ष के लिए दिया गया था। इस बार ठेका दो वर्ष के लिए दिया गया है। अहाता का ठेका 21 अप्रैल 2025 से लेकर 31 मार्च 2027 तक के लिए दिया गया है।

**61 अहाता में 22 के लिए आवेदन ही नहीं आए :** आबकारी विभाग ने इस बार 61 अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इनमें से 46 अहाता समूह यानी 39 अहाता के लिए आवेदन किए गए। इनमें 3 अहाता के लिए सिंगल आवेदन, 12 अहाता के लिए 2-2 आवेदन तथा शेष अहाता के लिए दो से अधिक आवेदन किए गए थे। इस तरह कुल 32 अहाता समूह यानी 39 अहाता के लिए कुल 103 आवेदन किए गए थे। सबसे ज्यादा 8 आवेदन चंदनीडीह देशी-विदेशी अहाता के लिए आए थे। हालांकि 61 अहाता में से 22 अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं किया गया। इन अहातों के लिए अब दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। यह टेंडर पोर्टल पर निर्धारित समय के लिए खोला जाएगा।

**ब्लैक लिस्टेड ने भी भरा आवेदन :** अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले 5 आवेदकों के आवेदन अपात्र मिले हैं, जिन्हें रिजेक्ट किया गया। इनमें एक आवेदक अजय सिंह पहले से ब्लैक लिस्टेड है। पिछले अहाता टेंडर में उसने बिलासपुर से ऑनलाइन आवेदन भरा था। टेंडर में सबसे अधिक बोली लगाने के कारण उसे अहाता का ठेका भी मिला था, लेकिन उसने अहाता खोलने की प्रक्रिया पूरी नहीं की, जिसके कारण उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

### कौन सा अहाता किस रेट पर गया, एक नजर...

| | आरक्षित मूल्य | इतने में गया |
|---|---|---|
| देशी-विदेशी रिंग नंबर-2 | 2715000 | 3672000 |
| विदेशी कटोरा तालाब | 1632000 | 2071200 |
| देशी-विदेशी डूमरतराई | 2520000 | 3762000 |
| देशी-विदेशी तिल्दा | 2251000 | 2255000 |
| देशी कम्पोजिट राजेंद्रनगर | 1559000 | 3560000 |
| देशी कम्पोजिट ट्रांसपोर्ट नगर | 1927000 | 2226000 |
| देशी-विदेशी फाफाडीह | 2577000 | 5200000 |
| देशी-विदेशी मोवा | 2911000 | 4104000 |
| देशी-विदेशी सड्डू | 3080000 | 3200500 |
| देशी कम्पोजिट भाठागांव चंगोराभाठा | 1745000 | 2011000 |
| देशी कम्पोजिट टाटीबंध | 1744000 | 2800000 |
| देशी कम्पोजिट मंदिर हसौद | 2078000 | 2385000 |
| विदेशी जीई रोड | 2112000 | 3253000 |
| विदेशी कम्पोजिट मेटल पार्क | 1439000 | 1780000 |
| विदेशी कचना कम्पोजिट | 1760000 | 4780000 |
| देशी कम्पोजिट गंजपारा | 2176000 | 5976000 |
| विदेशी कम्पोजिट भाठागांव | 2414000 | 6606100 |
| विदेशी कम्पोजिट लाभांडी | 2114000 | 6510000 |
| विदेशी कम्पोजिट गोगांव | 2561000 | 3024000 |
| विदेशी व्यासतालाब | 1682000 | 4914000 |
| देशी कम्पोजिट कुर्रा | 2077000 | 2512000 |
| विदेशी कम्पोजिट लालपुर | 1856000 | 3373000 |
| विदेशी कादरचौक | 1341000 | 4250000 |
| विदेशी कम्पोजिट भनपुरी | 1580000 | 3500000 |
| देशी कम्पोजिट उरला | 2515000 | 4545000 |
| विदेशी हीरापुर | 462000 | 2210200 |
| विदेशी कम्पोजिट मोटर स्टैंड | 1519000 | 5652000 |
| विदेशी कम्पोजिट टाटीबंध | 1054000 | 2800000 |
| विदेशी कम्पोजिट खमतराई | 1510000 | 3500000 |
| विदेशी कम्पोजिट सरोना मार्ग | 1412000 | 4440000 |
| विदेशी कम्पोजिट रायपुरा | 1462000 | 4260000 |
| देशी-विदेशी चंदनीडीह | 1457000 | 3000000 |

**शेष अहाता के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा**

61 अहाता में कुल 39 अहाता के लिए आवेदन किए गए थे। इन सभी का टेंडर खोला गया। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को अहाता का ठेका दिया गया है। शेष 22 अहाता के लिए दोबारा पोर्टल पर टेंडर निकाला जाएगा। - रामकृष्ण मिश्रा, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

# लोकल फसल अंतिम चरण में, टमाटर खाने लगा भाव, अब चिल्हर में दाम 25 से 30 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के टमाटर की फसल अब अंतिम चरण में होने से अच्छी क्वालिटी के टमाटर कम आने के कारण अब इसकी कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। थोक में इस समय कीमत 15 रुपए और चिल्हर में 25 से 30 रुपए हो गई है। कुछ कम क्लालिटी का टमाटर 20 रुपए किलो तक मिल रहा है। 15 दिनों के बाद लोकल टमाटर का आना पूरी तरह से बंद होने पर बाहर से टमाटर आने पर कीमत और बढ़ेगी और फिर से दाम आसमान पर जाएंगे।

- अगले माह से बाहर से होगी आवक तो दाम फिर जाने लगेंगे आसमान पर

प्रदेश में टमाटर की फसल दीपावली के बाद आती है जो अप्रैल के अंत तक चलती है। बीते साल लोकल फसल के आने के पहले टमाटर के दाम सौ रुपए से ज्यादा पहुंच गए थे। इसके बाद जब लोकल फसल आई तो टमाटर के दाम कम होने लगे। प्रारंभ में लोकल फसल के दाम भी ज्यादा रहे और कीमत 50 से 60 रुपए रही, क्योंकि लोकल फसल भी दूसरे राज्यों में जा रही थी, लेकिन जैसे-जैसे आवक में इजाफा हुआ तो कीमत कम होती चली गई।



### पांच रुपए किलो में बिका

नए साल में टमाटर के दाम ऐसे जमीन पर आए कि मंडियों में किसानों को कीमत ही नहीं मिल रही थी, मंडी में एक से दो रुपए किलो टमाटर के दाम होने के कारण किसानों ने टमाटर बेचने ही बंद कर दिए। चिल्हर में टमाटर 5 रुपए किलो तक बिके। अच्छी क्वालिटी का टमाटर चिल्हर में दस रुपए का डेढ़ किलो तक बिका।

### अब कीमत जाएगी आसमान पर

टमाटर के दाम अब वापस आसमान की तरफ जाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। इस माह से लोकल फसल का आना कम हो गया है। अच्छी क्वालिटी के टमाटर की आवक बहुत कम हो रही है। इसके कारण इसके दाम ज्यादा होते जा रहा है। अच्छी क्वालिटी का टमाटर थोक में 15 रुपए तक बिक रहा है। थोड़ी कम क्वालिटी वाला टमाटर 10 से 12 रुपए में बिक रहा है। यह टमाटर चिल्हर में 20 रुपए में मिल जा रहा है, लेकिन अच्छी क्वालिटी वाला टमाटर 30 रुपए में बिक रहा है, दो किलो लेने पर जरूर 25 रुपए के हिसाब से 50 रुपए लग रहे हैं। मई से फिर से दाम रुलाने वाले होने लगेंगे।

## नए हाईटेक नंबर प्लेट लगवाने वार्ड स्तर पर शिविर लगाए सरकार

रायपुर। हाईटेक सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर सख्ती किए जाने की धमकी पर कड़ा ऐतराज करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, सरकार पहले अपनी व्यवस्था दुरुस्त करे। पोर्टल में आ रही दिक्कतें दूर करे, पुरानी गाड़ियों के परिवहन रिकॉर्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करने की जटिल प्रक्रिया को ठीक करे। ऑनलाइन के साथ ऑफ लाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू करे, उसके बाद जनता पर अनिवार्यता थोपे। जनता ने सरकार चलाने का अधिकार दिया है, डरा धमका कर अत्याचार करने के लिए नहीं। खामी सरकारी प्रक्रिया में है, समय रहते सरकार त्रुटि सुधार नहीं पायी, लोग परेशान हो रहे हैं। ऐसे में 10 हजार तक जुर्माना सर्वथा अनुचित है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकारों का फोकस न तो आम जनता की सुविधा में है और ना ही सुरक्षा में। एचएसआरपी नंबर प्लेट के नाम पर अवैध वसूली का कुत्सित प्रयास बंद करके इस सरकार को नए हाईटेक नंबर प्लेट लगवाने वार्ड स्तर पर शिविर लगाना चाहिए। जब मंत्रालय के सरकारी कर्मचारियों के लिए नई राजधानी में शिविर आयोजित हो सकता है, तो पूरे प्रदेश में वार्ड स्तर पर यही व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही? भाजपा की सरकार क्या केवल आम जनता को तंग करने के लिए ही है?

## 30 तक जमा कर सकते हैं संपत्ति कर

रायपुर। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर और विवरणी जमा करने के लिए 30 दिनों की विशेष छूट प्रदान की है। अब ये 30 अप्रैल 2025 तक जमा किए जा सकते हैं। राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र में कहा है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। इस वर्ष भी संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावी रही। इन कार्यों में निकायों के अधिकारी-कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित हुई है।


HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
✦ Creative Classrooms & Play-Based Education
✦ Sports, Arts & Music for Holistic Growth
✦ Safe & Nurturing Environment
✦ Interactive Events & Competitions
✦ Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
ADMISSION ENQUIRY
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com
Contact to Add Your School - 79871-19756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर
विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## त्रिपक्षीय एमओयू के बाद प्लांट लगाने के लिए रावांभाठा में तय की जमीन

# बायोगैस प्लांट : काम शुरू होने से पहले आपत्ति, महापौर बोले- नहीं लगाने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र के प्रदूषण का दंश झेल रहे बिरगांव निगम के 40 वार्ड पार्षदों सहित महापौर और नेता प्रतिपक्ष ने भी बायोगैस प्लांट का विरोध करने का मन बना लिया है। इस मामले को लेकर एमआईसी मेंबर्स ने पहले ही जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। ऐसे में फिर से बायोगैस का मसौदा जमीन तलाशने के चक्कर में फंसने वाला है।

रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान करने के लिए होने वाली कारगर पहल सालभर में फाइलों से बाहर नहीं निकली है। अभी तक रेट और लीज टाइम तय नहीं होने से प्लांट का काम भी शुरू नहीं हुआ है। त्रिपक्षीय एमओयू के बाद प्लांट लगाने के लिए निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित करीब 10 एकड़ सरकारी जमीन का चिन्हांकन किया गया है। इस प्लांट से फैलने वाले दुर्गंध और प्रदूषण की आशंका के मद्देनजर बिरगांव निगम ने कुछ दिनों पहले हुई सामान्य सभा में कविता सिक्ली, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकास साहू सहित सभी एमआईसी मेंबर्स प्लांट नहीं लगाने देने और जनता को नई समस्या से बचाने के लिए विरोध करने के लिए एकमत हुए। इस प्रोजेक्ट को दूसरे क्षेत्र में शिफ्ट करने मांग जिम्मेदार करने लगे हैं।

### एमओयू में जमीन देने सहमति

*प्लांट लगाने की तैयारी जिस रफ्तार से शुरू की गई, वह अब सुस्त सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है। सूत्रों ने बताया रायपुर-भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने समझौता हुए एक साल बीत चुका है। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ एमओयू भी हुआ है। प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा सरकार ने भी दिलाया है। वहीं वर्षों पहले शहर के पानी को फिल्टर करने बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब बायोगैस प्लांट लगाने के लिए लीज पर देने की तैयारी है।*



### नहीं लगने दूंगा प्लांट

पहले से ही औद्योगिक प्रदूषण का दंश जनता झेल रही है। निगम को अब नई समस्या देने की तैयारी है। किसी भी सूरत में बायोगैस प्लांट रावांभाठा में नहीं लगाने दूंगा, जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल करूंगा।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम बिरगांव

### 250 मीट्रिक टन कचरे की खपत

बीपीसीएल इस प्रोजेक्ट के लिए सौ करोड़ का निवेश करके सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में हर दिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे की खपत होगी। इसे बिरगांव के 40 और रायपुर निगम के 70 वार्डों से प्लांट ले जाया जाएगा। इससे क्षेत्र में फैलने वाली दुर्गंध और प्रदूषण बढ़ने का डर सताने लगा है। इस संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को काम मिलेगा। शासन को हर साल जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री का प्रावधान है।

### प्रभावित होगी बड़ी आबादी

राज्य औषधि भंडारण केन्द्र के पास ही सामुदायिक अस्पताल और इससे जुड़े बंजारी माता वार्ड में कई प्राइवेट और सरकारी स्कूल हैं। इसके अलावा प्लांट लगाने के लिए तय जमीन घनी बसाहट के बीच है। बायोगैस प्लांट और कचरे के बदबू से आस-पास के लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। वार्ड 10,11,12, 13 और 14 में निवास करने वाली करीब 30 हजार से ज्यादा की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित होगी। रायपुर निगम में सकरी में बनाए गए प्लांट की स्थिति को देखते हुए बायोगैस प्लांट का विरोध करने का मन बनाया है।

# डीडी नगर में 3 करोड़ के डामरीकरण कार्य का मूणत ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को डीडीनगर में 3 करोड़ के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के आंतरिक मार्गों में होने वाले डामरीकरण कार्य का कुदाल चलाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम में अब सांय-सांय विकास कार्य होते दिखेंगे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य द्वय सुमन-अशोक पांडे, दीपक जायसवाल, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल,जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

- कहा- रायपुर पश्चिम में सांय-सांय विकास कार्य होते दिखेंगे

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना मेरा उद्देश्य है। जल्द ही पश्चिम विधानसभा के वार्डों में 125 करोड़ के नये विकास कार्यों का भूमिपूजन होगा। श्री मूणत ने कहा शहरभर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने अभियान चलाया जाएगा। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों में दुकानदार बारिश तक दुकानों के पास व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करवा लें।



### महापौर ने बीते दिनों की याद ताजा की

महापौर मीनल चौबे ने डीडी नगर वार्ड की जनता को पहले पार्षद और फिर महापौर के रूप में निर्वाचित कर जनसमर्थन देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं जब डीडीनगर वार्ड से पार्षद बनी तब यह काफी बड़ा वार्ड था। इसमें डगनिया और बंजारी नगर शामिल थे। यहीं से मेरा वास्तव में सतत जनसंपर्क प्रारंभ हुआ था। डीडी नगर वार्ड पेयजल समस्या मुक्त वार्ड है। पेयजल संरक्षण को लेकर यहां से सकारात्मक संदेश जनता के बीच जाए। सभापति सूर्यकांत राठौर ने एकमुश्त 3 करोड़ के सड़क डामरीकरण की सौगात देने पर विधायक राजेश मूणत के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राज्य में पहली बार रेडक्रास सोसाइटी का हुआ चुनाव टोमन साहू प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामाजिक और मानवीय सेवा के लिए काम करने वाली रेड क्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों का पहली बार चयन चुनाव के माध्यम से हुआ। पूर्व में पदाधिकारी मनोनीत किए जाते थे, राज्य निर्माण के बाद पहली बार राज्यपाल की पहल पर निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। बालोद के टोमन साहू प्रदेश अध्यक्ष, जशपुर के रूपेश पाणिग्रही उपाध्यक्ष तथा बलौदाबाजार के संजय पटेल कोषाध्यक्ष चुने गए।

- राज्यपाल की पहल पर पूरी हुई निर्वाचन प्रक्रिया, पहले होता था मनोनयन

पूर्व में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाता था। इस बार राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। प्रत्येक जिले से चयनित एक प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी का सदस्य होता है। इन सदस्यों के बीच पदाधिकारियों के पद के लिए चुनाव प्रक्रिया हुई। दावा किया जा रहा है कि इस चुनाव से रेड क्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों और समाजसेवियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सामने कई चुनौतियां और अवसर हैं। छत्तीसगढ़ जैसे विविधतापूर्ण राज्य में हर जिले की अपनी विशेष जरूरतें हैं। रेड क्रॉस को हर गांव और हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। पारदर्शिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग से यह सुनिश्चित करना होगा कि हर मदद सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे।

छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 4 अप्रैल 2001 को हुई थी। इसका मुख्यालय रायपुर कलेक्टोरेट में स्थित है। विगत दो दशकों में यह संस्था आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। रेड क्रॉस सोसाइटी ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयां और भोजन वितरण में अहम भूमिका निभाई।

## पेज 13 के शेष

### बस्तर-दंतेवाड़ा के कई...

के अंतर्गत केवल शहर में ही आवेदन संख्या बेहतर है। जिले के अंतर्गत आने वाले अन्य क्षेत्रों में आवेदन संख्या कम है। स्थिति यह है कि बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के कई स्कूलों में आवेदन का खाता भी नहीं खुला है। सुकमा, सरगुजा, जशपुर जिले के भी अधिकतर स्कूलों का हाल बेहाल है। प्रदेशभर में संचालित इंग्लिश व हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में आवेदन के लिए जारी की गई वेबसाइट में प्रदर्शित आंकड़ों के मुताबिक, कुछ स्कूलों को छोड़कर अधिकतर में शुरुआती 6 दिनों में सीट से कम फॉर्म जमा हुए हैं। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल हैं।

**यह है कारण:** गौरतलब है कि सरकार बदलने के बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को सालाना प्राप्त होने वाली शासकीय अनुदान की राशि में कटौती की गई है। जो राशि इन स्कूलों को प्रदान की गई है, उससे केवल बिजली का बिल, चॉक-डस्टर जैसी बुनियादी जरूरतें ही पूरी हो सकी हैं। लिपाई-पोताई सहित अन्य कार्य इस सत्र में नहीं हुए हैं। वार्षिकोत्सव व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी कई विद्यालयों में नहीं हो सका है। इसके कारण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की उत्कृष्टता प्रभावित हुई है और पालकों का मोह भंग हो रहा है। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षकों के रिक्त पद भी नहीं भरे गए।

### एक रूट, चार...

जिससे अब पुल पार करने के लिए भी ट्रेनों को इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से माल और यात्री ट्रेनों की रफ्तार दोनों में तेजी आएगी और ट्रेनों का समय पर संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत मिलेगी।

**अभनपुर से राजिम 17.30 किमी पूरा:** केन्द्री- धमतरी एवं अभनपुर -राजिम गेज परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत अभनपुर से राजिम के मध्य (17.30 किमी) रेल लाइन का कार्य पूर्ण किया गया है।

### 52 लाख मूल्य की...

जिसमें एल्यूमिनियम जैसी दिखने वाली चांदी की सिल्लियां थीं। थैले से 115 सिल्ली बरामद की गई, जिसकी वजन के अनुसार कीमत लगभग 52 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में पता चला, आरोपियों में एक ओंकर जाधव 23 वर्ष ग्राम सायसीन तालुका खानपुर जिला सांगली महाराष्ट्र एवं दूसरा अजय गेजगे 23 वर्ष ग्राम मिरे तालुका मारसीरस जिला सोलापुर महाराष्ट्र का निवासी है।

### मौसम में उतार-चढ़ाव पर...

नहीं दिखा पा रही है। आने वाले दिनों में गर्मी तेज होने की संभावना है और इस आधार पर दवा बाजार में इलेक्ट्राल पावडर सहित अन्य एनर्जी ड्रिंक की डिमांड बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े सूत्रों के अनुसार गर्मी के दिनों में लोग घरों के साथ अपनी जेब में भी इसके सिंगल डोज का पैकेट रखते हैं। इसीलिए छोटे पैकेट की डिमांड ज्यादा होने की वजह से कंपनियां इसकी सप्लाई नहीं कर पा रही हैं। रायपुर डिस्ट्रिक एंड केमिस्ट एसोसिएशन के संयोजक ठाकुर राजेश्वर सिंह ने बताया कि पिछले माह जब गर्मी अचानक बढ़ी थी, इसके बाद से दवा बाजार में इलेक्ट्राल पावडर की पूछ-परख बढ़ गई है। वर्तमान में इसकी डिमांड सामान्य से तीन गुना अधिक है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े में अभी लू का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने की आशंका के आधार पर अस्पतालों में लू वार्ड बनाए जा चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### उद्योगपति डॉ. मनीष बने सीजीएसआईएमए के अध्यक्ष, निशांत महासचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने उद्योगपति और समाजसेवी डॉ. मनीष कुमार मंडल को छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष और उद्योगपति निशांत खेतान को महासचिव चुना गया है। छग के रायपुर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मेसर्स आरती स्पंज एंड पॉवर लिमिटेड के निदेशक डॉ. मनीष कुमार मंडल को सर्वसम्मति से छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इससे पहले वे स्टील उद्योग से संबंधित विभिन्न संस्थाओं में प्रमुख पदों पर रहते हुए स्टील उद्योग के लिए विभिन्न कार्य करते हुए संस्था को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्टील उद्योगों के बेहतरी के लिए विभिन्न कार्य संपादित किए। डॉ. मंडल छग मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन व अन्य एसोसिएशनों में दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाए और नए मुकाम तक ले गए। डॉ. मंडल तथा निशांत खेतान के छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव बनने पर उद्योग जगत के उद्योगपतियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बाबा आंबेडकर के बनाए कानून से ही चल रहा है देश



**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग संगठन और धोबी समाज द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर संगठन और समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, जिस समाज में हम जन्म लिए हैं, उसके ईष्ट गुरु संत गाडगे से प्रेरणा लेकर डॉ. आंबेडकर साहेब ने संविधान लिखा था, यह बात गजेटीयर में लिखी हुई है। स्पष्ट शब्दों में कहा कि संविधान निर्माता का जन्म सप्ताह पूरे गांव में मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उत्कल समाज के नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक पहुंचे, जिन्होंने शिक्षा पर जोर दिया और कहा मैंने भी डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरणा लेकर वकालत की पढ़ाई की है, गरीब और दीन दुखियों को न्याय दिलाना मेरा कर्तव्य है। समारोह में जगमोहन निर्मलकर, मंसाराम निर्मलकर, वरुण निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, नीलकंठ सिंघाड़े, भोजराम गौरखेड़े, पारस नायक, शारदा प्रसाद सोनकर, चोवाराम रजक, संतोष महानंद, सोमनाथ साहू, रोशन निर्मलकर, रामायण रजक आदि अनेक सामाजिक मुखिया शामिल रहे।

### रविवि ने घोषित किए रुके हुए परिणाम

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को पुनर्मूल्यांकन व सेमेस्टर परीक्षाओं के उपरांत विभिन्न कारणों से रोके गए छात्रों के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इनमें से कुछ नतीजे 2024 के हैं तो सत्र 2020 में रोके गए परिणामों की भी घोषणा की गई है। इसमें बीकॉम प्रथम वर्ष, बीसीए सहित स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणाम भी शामिल हैं। छात्र अपने नतीजे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर देख सकते हैं।

# दिव्यांश की मौत मामले में निगम के अधिकारियों ने दिया नोटिस का जवाब, अपर आयुक्त को जांच का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ नगर और रामनगर के गुलमोहर पार्क के पीएमवाय परिसर के हादसों पर निगम आयुक्त के दिये गये शोकॉज नोटिस का निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने जवाब दे दिया है। आयुक्त विश्वदीप ने कहा है कि अपर आयुक्त को इसकी जांच का जिम्मा दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद कार्रवाई सूचित की जाएगी। निगम आयुक्त ने जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव, ईई अतुल चोपड़ा, प्रभारी एई आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, जल कार्य ठेकेदार कमल रात्रे, गुलमोहर पार्क घटना को लेकर जोन 7 कमिश्नर, एई, ईई, पीएमवाय योगेश यदु, उप अभियंता पीएमवाय अंकिता अग्रवाल और पीएमवाय योजना के ठेकेदार मेसर्स मधुसूदन अग्रवाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि सभी ने अपने जवाब दे दिए हैं। हमने एक टीम बनाई है, जो इनके जवाब का अध्ययन कर रही है। उस पर जो भी कार्रवाई होगी, सूचित किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि अपर आयुक्त को मामले की जांच का जिम्मा दिया गया है, जो कि सप्ताहभर में अपनी जांच रिपोर्ट देंगे।

## निगम आयुक्त ने कहा- कार्रवाई सूचित की जाएगी

### आयुक्त ने बनाई 4 सदस्यीय कमेटी, स्पॉट विजिट किया

जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड स्थित रामनगर इलाके के गुलमोहर पार्क के पीएमएवाय कैंपस में नगर निगम द्वारा सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे में 7 वर्षीय बालक दिव्यांग की डूबने से मौत के बाद निगम में हड़कंप मच गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस मामले की जांच करने अधिकारियों की 4 सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसमें अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर और निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सदस्य के रूप में शामिल हैं। टीम ने मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया है। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम ने संबंधित ठेकेदार को 2 दिन के अंदर जानलेवा गड्ढा को बंद कर उसे पूरी तरह समतल करने निर्देश दिए हैं, ताकि दोबारा इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।




### जांच के लिए टीम बनाई

गुलमोहर पार्क के पीएमवाय कैंपस में सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे में मासूम बच्चे की मौत के मामले में शोकॉज नोटिस का जवाब मिलने के बाद अपर आयुक्त इसकी जांच कर रहे हैं। हमने कमेटी बनाई है जो एक सप्ताह में अपनी जांच रिपोर्ट देगी।

- विश्वदीप, आयुक्त नगर निगम रायपुर

### अब तक यहां पहुंच नहीं पाए गड्ढा ढूढने वाले निगम के सब इंजीनियर

**24 घंटे में गड्ढा ढूंढ कर पाटने की मियाद पूरी**

# सरोना, लभांडी, जरवाय में मुंह चिढ़ा रहे जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के दो दर्जन लोकेशन पर नगर निगम द्वारा जरूरतमंदों के लिए बनाये गए पीएमवाय आवासीय परिसर और बीएसयूपी परिसर में गंदे पानी की निकासी के लिए खोदे गए गड्ढा ढूंढकर उसे पाटने महापौर मीनल चौबे ने 24 घंटे की मियाद तय की। आयुक्त के निर्देश पर दस जोन के सब इंजीनियर को मंगलवार को इन अलग-अलग लोकेशन पर गड्ढा चिन्हांकित कर उसे पाटना था, पर मियाद पूरी होने के बाद भी लभांडी, जरवाय, सरोना सहित अन्य साइट पर निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते गड्ढे निगम के इंजीनियर ढूंढ नहीं पाए। वहीं विभागीय अफसरों का कहना है कि दस जोन के 50 से 60 लोकेशन में गंदे पानी की निकास के लिए खोदे गए छोटे-बड़े गड्ढों को सूचीबद्ध किया गया है। खुले में खोदे गये इन गड्ढों को अब पाटा जाएगा।



**केस 1 : जरवाय बीएसयूपी- खुले में बह रहा सीवरेज का गंदा पानी**

*जोन 8 क्षेत्र स्थित जरवाय की बीएसयूपी आवासीय कालोनी में गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सीवरेज का बदबूदार गंदा पानी कच्चे नाले के माध्यम से खुले में बह रहा है। इसे अंडरग्राउंड करने अब तक निगम ने कोई व्यवस्था नहीं की। इससे कालोनी में रहने वालों को दमघोंटू माहौल में रहना पड़ रहा है। कीचड़ और दलदली वाली नाली की सफाई भी एक अरसे से नहीं हुई है। लोगों के घरों के सामने निकास नाली का गंदा पानी बह रहा है। ओपन ड्रेनेज होने से यहां कभी भी हादसा होने का खतरा बना हुआ है। सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीव से भी लोग आशंकित रहते हैं। ब्लाक नंबर 18 में 1 से 32 क्वार्टर के रहवासी घर के सामने खुले में बह रहे सीवरेज के गंदा पानी से त्रस्त हैं।*

**केस 2 : लभांडी- आदर्श संकल्प सोसाइटी प्रधानमंत्री आवास**

*लालबहादुर शास्त्री वार्ड की लभांडी स्थित आदर्श संकल्प सोसाइटी प्रधानमंत्री आवासीय परिसर 232 में सीवरेज से निकलने वाले गंदा पानी की निकासी के लिए जगह नहीं है, इसलिए उसे खुले एरिया में गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया है। कच्चे नाले नुमा गड्ढे में जलकुंभी सहित जलीय वनस्पति की भरमार है। ओपन ड्रेनेज होने से आवासीय परिसर में मच्छर और मक्खी के प्रकोप से रहवासी त्रस्त हैं। इस इलाके में पिछले साल सीवरेज का गंदा पानी बोरवेल में रिसकर जाने से पीलिया फैला था।*

**केस 3: आंबेडकर आवास वाल्मिकी नगर**

वाल्मिकी नगर स्थित आंबेडकर आवासीय परिसर में सीवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए बनाये गये सोकपिट की हालत बदतर हो गई है। एक अरसे से यहां नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी पसरी हुई है। जगह-जगह गड्ढों की भरमार होने से रहवासी परेशान हैं। यही नहीं, कैंपस के आसपास खरपतवार बड़ी संख्या में फैलने से शाम के बाद यहां से आना-जाना मुश्किल हो गया है। एक अरसे से इस परिसर की सुध नहीं ली गई।

**केस 4: तेलीबांधा बीएसयूपी में निकासी व्यवस्था लचर**

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित तेलीबांधा तालाब के पास नगर निगम ने गरीब परिवारों को व्यवस्थापित कर सुरक्षित व पक्का आवास उपलब्ध कराने बहुमंजिला बीएसयूपी आवासीय परिसर बनवाया है, पर गंदा पानी की निकास व्यवस्था लचर होने और जगह-जगह गड्ढे होने से लोग परेशान हैं। नाली सफाई नियमित नहीं हो रही है।

## मुरली ने संभाली जोन 4 की कमान, बधाई देने पहुंचे सांसद, विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जोन अध्यक्ष का पदभार संभाला
- सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी सहित एमआईसी सदस्यों ने दी शुभकामना

नगर निगम जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने मंगलवार को जोन दफ्तर स्थित अपने कक्ष में पूजा अर्चना के बाद पदभार संभाला। उनके स्वागत में समर्थकों ने भव्य आतिशबाजी की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन दफ्तर पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

मोतीबाग पानी टंकी परिसर स्थित जोन 4 दफ्तर में नव निर्वाचित जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने पदभार संभाला। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, संतोष-सीमा साहू, नंदकिशोर साहू, महेंद्र खोडियार, दीपक जायसवाल,जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 6 बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद सरिता वर्मा, प्रेम बिरनानी ने गुलदस्ता भेंटकर उन्हें बधाई दी।

## विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर के लिए 30 तक मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- न्यूनतम दर आधार पर होगी नियुक्ति

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास की रूपरेखा तय करने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर की नियुक्त की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर 30 अप्रैल तक आवेदन मंगाए हैं। न्यूनतम दर निविदा में भरने वाले आर्किटेक्ट को इसमें मौका मिलेगा। तीन साल की समय अवधि के लिए चयनित टाउन प्लानर निगम से इम्पैनल्ड किये जाएंगे।

नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में आने वाले 10 साल की जरूरत के मुताबिक विकास कार्यों की रूपरेखा बनेगी। यह रूपरेखा टाउन प्लानर तय करेगा। इसी आधार पर वार्ड विकास के लिए शासन से स्वीकृति होगी और विकास कार्य होगा। यानी पार्षदों की अनुशंसा पर कंक्रीटीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सड़क, चबूतरा निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं मिलेगी।

नगर निगम ने टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन टेंडर कर दिया है। इसमें निर्धारित योग्यता रखने वाले ऑनलाइन आवेदन 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने बताया कि सबसे कम रेट कोड करने वाले आर्किटेक्ट को टाउन प्लानर के लिए मौका दिया जाएगा।

**12 से 15 टाउन प्लानर होंगे नियुक्त**

सूत्रों के मुताबिक पूरे शहरभर के लिए 12 से 15 टाउन प्लानर नगर नगर निगम नियुक्त करेगा। निगम से अनुबंधित टाउन प्लानर वार्डवार सर्वे कर 6 माह के भीतर सभी 70 वार्डों की प्लानिंग दस्तावेज नगर निगम को देंगे। योजना के मुताबिक नगर निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर की रिपोर्ट संबंधित जोन कमिश्नरी में इंजीनियर्स और पार्षद के समक्ष प्रस्तुत होगी। सहमति के बाद उसे मुख्यालय भेजा जाएगा।

**महापौर के निर्देश पर आयुक्त ने 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए दी व्यवस्था**

# पेयजल कार्यों के निरीक्षण और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- संधारण मद से पेयजल संबंधित कार्य के लिए सभी जोन को 4-4 लाख की स्वीकृति
- पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को अब प्रमुखता दी जाएगी




शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संबंधी कार्यों की निगरानी का सिस्टम अब मजबूत बनेगा। इसके लिए अलग-अलग नोडल और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने पेयजल कार्यों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए नई व्यवस्था दी है।

गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को अब प्रमुखता दी जाएगी। दस जोन में संधारण मद से इस कार्य के लिए 4-4 लाख रुपये और इसके बाद भी कार्य शेष रहने पर 1-1 लाख रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति आदेश मंगलवार को निगम आयुक्त ने जारी कर दिया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने शहर के चार विधानसभा क्षेत्र के लिए विधानसभा वार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है, उपायुक्त डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इसी तरह पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त उमाशंकर अग्रवाल को नोडल अधिकारी, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सहायक नोडल अधिकारी होंगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त पंकज शर्मा को नोडल अधिकारी और उपायुक्त रमाकांत साहू सहायक नोडल अधिकारी बनाये गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त विनोद पांडे नोडल अधिकारी, उपायुक्त एके हालदार सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। नोडल और सहायक नोडल अधिकारी क्षेत्र के जन प्रतिनिधियोयं से समन्वय रखकर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संबंधी योजना का क्रियान्वयन करेंगे।

इस कार्य में संबंधित जोन के जोन कमिश्नर भी सहयोग देंगे।

• अंतिम यात्रा •



**श्रीमती डॉ. उषा धुप्पड़**

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि
**श्रीमती डॉ. उषा धुप्पड़ जी**
का आकस्मिक निधन
दिनांक 15.04.25 को शाम 05:42 बजे हो गया है।
वे **सुभाष घुप्पड़** की धर्मपत्नी, डॉ. श्रीराम धुप्पड़ की बहू,
तमन्ना धुप्पड़ की माता जी एवं
मनीष, सुनील और गौरव घुप्पड़ की चाची थीं।

जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 16.04.25 को सुबह 11 बजे
निवास स्थान डूंगाजी कॉलोनी, रायपुर से मारवाड़ी मुक्तिधाम
के लिए प्रस्थान करेगी।

**फर्म:**
छत्तीसगढ़ ऑटो केयर, जी.ई. रोड,
राजधानी ऑटो केयर, तेलीबांधा रायपुर
छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेड प्रा.लि., उरला रायपुर

Khanna

